2. **क्रोशिए दी बुनाइः-** क्रोशिया इक चाल्ली दी सलाई होंदी ऐ जेह्दा अगला सिरा घुंडी आह्ला लेखा (Hook Type) बने दा होंदा ऐ। क्रोशिए दी बुनाई च अक्सर कुड़ियां मती म्हारत रखदियां न। ओह् क्रोशिए कन्नै केईं किस्में दियां चीजां तेआर करदियां न। जित्थें उन्न कन्नै बुनी दियां चीजां डुग्गर दे बसनीकें गी ठंडू कोला बचांदियां न। उत्थें क्रोशिए कन्नै बुनी दियां चीजां घरै गी इक नमां गै रूप दिंदियां न। तरपाई, स्टूल पर बछाए दा क्रोशिया दा अगींठी पोश ते रेडियो पर दित्ते दा रमाल कमरे दे गुहाड़ बी केईं गुणा बधाई ओड़दा हा। मजे दी गल्ल एह् ऐ जे इसी अपनी लोड़ मताबक उन्ना ते उ'ऐ जनेहा बनाया जाई सकदा। आमतौरा पर चिट्टे रंगै दी सूती अट्टी दा धाग्गा लेइयै बक्खरी-बक्खरी चाल्ली दे डिजाइन बनाए जंदे न पर मूल रूप च इक गै डिजाइन होंदा ऐ, जिसी जंजीरी आखदे न। जिसी जंजीरी बनाई आई गेई तां समझो सारा क्रोशिया गै आई गेआ।

3. **प्लासटक दी बुनाईः-** प्लासटक दी बुनाई कन्नै-कन्नै जनानियां केईं किस्में दियां चीजां बनाने च म्हारत रखदियां न। प्लासटक दी बरीक तार दे केईं किस्में दे डिजाइनें गुलदस्ते बनाए जंदे न। बक्ख-बक्ख डिजाइनें च छिक्कू-करण्डू बगैरा बी बनाए जंदे न ते कुड़ियां बी केईं किस्में दियां खड़ालियां बी प्लासटक दी तार कन्नै बनांदियां न। जि'यां गुड्डियां-कुत्ते, तोते-बिल्लियां, हाथी ते होर केईं किस्में दियां तस्वीरां बी प्लासटक कन्नै बनाइयां जंदियां न। प्लासटक दी तार कन्नै कुर्सियां बगैरा बी बुनियां जंदियां न ओह् अक्सर मर्द बुनदे न।

   लीरें ते रंगदार कागदें बगैरा कन्नै बी सजौट आस्तै केईं किस्में दियां चीजां बनाइयां जंदियां न। लीरें कन्नै निक्के ज्यानें आस्तै केईं किस्में दे गुड्डियां-पटोले बनांदे न। कुड़ियां रंग बरंगी लीरें गी मनके बगैरा लाइयै बोतला च पाइयै उसी शंगारी दिंदियां न।

4. **सणु दी बुनाईः-** सणु दियां बी केईं किस्में दियां चीजां बनाइयां जंदियां न। सण भन्नियै उसी केह्‌रा दोह्‌रा कत्तियै उसदे लच्छे बनाइयै उसी धोता जंदा ऐ। फ्ही उसी बक्ख-बक्ख कम्मै च प्रयोग कीत्ता जंदा ऐ जि'यां सौने लेई खट्टां आमतौरा पर सणु दियां गै बुनियां जंदियां न। घर च आम खट्टां ते सादियां बुनियां जंदियां न। पैह्‌ले ब्याहें सुत्तरें बगैरा च भेजने आह्‌ली खट्टा लाल, सैला, पीला बगैरा रंग पाइयै शैल सन्हाकड़ियां बुनतियां पाइयै बुनियां जंदियां हा। पर हुन ते इंदा रवाज गे बड़ा घट्ट होई गेदा ऐ। अज्जकल लोक लकड़ी ते फोल्डिंग बैड गै मते दिंदे न। इंदे इलावा करसानी धंधे च कम्म औने आलियां सणु दियां चीजां जि'यां त्रगड़ियां, छिक्के, जोतर, गज्जरा, जुगड़ ते डंगरे दे पाने लेई गलांs बगैरा बी बनाए जंदे न।

5. **खग्गे तीले ते एरे मरजाटे दी बुनाईः-** तीलें-खग्गें ते एरे-मरजाटे बगैरा थमां केईं किस्में दियां बुनाई आह्‌लियां चीजां तेआर कीतियां जंदियां न। एह् चीजां खरेलू जीवना च बड़ियां कम्म औंदियां न।

   कान्ने दी तालें गी चीरिए केईं किस्में दियां पक्खियां बनाइयां जंदियां न। पक्खियां बुनदे उंदे पर केईं किस्में दे डजैन पाए जंदे न। जि'यां लैह्‌रियां, डब्बियां, फुल्ल बगैरा। एह् सब डजैन इस समग्री गी बक्ख-बक्ख रंगे च रंगीयै बनाए जंदे न। जिस कन्नै पक्खी दी सुंदरता बधदी ऐ। पक्खी गी बन्जे जां स्टील दी डण्डी दी पूकनी लाई जंदी ऐ ते बाकी त्रोने पास्से रंग-बरंगे मोठ लाइयै सूई कन्नै सीता जंदा ऐ ते उस पर शैल सन्हाकड़ी झालर लाई जंदी ऐ। डण्डी पर कपड़ा लाइयै उस पर रंग-बरंगे फुम्मन लाए जंदे न।

सावती तीले गी धागे कन्नै सोए दी पक्खी बनाई जंदी ऐ। इ'यां केईं चाल्लीं कन्नै महिला वर्ग शैल सन्हाड़ियां पक्खियां घरें च तेआर करी लैंदियां न। सोहे दे दिनें ठंडे ब्हाऊ दे फनूके लैने तांई बांसा दियां पक्खियां बी बनाइयां जंदियां हियां। अज्ज तां घर-घर बिजली दे पक्खे, भाएं चला करदे न पर बिजली बंद होने पर खेत्तरै-पैलिये कम्म करदे बेल्लै बांसी पक्खू बी बड़े कारगर साबत होंदे न।

**बिन्नेः-**

घरै च बौह्‌ने लेई जनानियां केईं किस्में दे बिन्नू आपूं गै बनाई लैंदियां न। खग्गें कन्नै गोल बिन्ने बनाए जंदे न। घाई नां दे इक किस्मां दे घाs गी बड्डियै सकाया जंदा ऐ ते फ्ही उस गी गोल करदे उस पर सुऐ कन्नै

खग्गे लाए जंदे न ते बिन्ना तेआर कीता जंदा ऐ। खग्गो गी बी बक्ख-बक्ख रंगे कन्नै रंगेआ जंदा ऐ ते केईं किस्में दे डिजाइन बिन्ने पर पाए जंदे न।

छल्ली दे खग्गे कन्नै बी गोल किस्में दे बिन्ने बनाए जंदे न।

**छाबड़ः-**

(टोकरू) छाबडू टोकरू बगैरा घरें च केईं थाहूरें कम्म औंदे न। जि'यां रूट्टी बगैरा पाने लेई जां फ्ही दाने बगैरा रक्खने आस्तै एह् बड़े कारगर सिद्ध होंदे न। एह् छाबड़ू-टोकरू अक्सर गोल आकार च गै बनाए जंदे न। इनेंगी बनाने आस्तै बी खग्गे ते घाई (सरूट) बगैरा दा प्रयोग कीत्ता जंदा ऐ।

**छज्ज बनानाः-**

कान्ने दे गोल तीलें दे छज्ज बनाए जंदे न। छज्ज दाने छट्टने दे कम्म औंदा ऐ। छज्ज बनाने दा कम्म अक्सर रूटाल बगैरा जाति दे लोक गै करदे न। छज्ज बनाने आस्तै कक्करे, लोहे दी तार जां प्लासटक दी बरीक तार दा प्रयोग कीता जंदा ऐ। कक्करे आह्ला छज्ज मता निग्गर होंदा ऐ ते एह् बक्करे दी खल्लू कन्नै बनाए जंदे हे पर हुन इसदा प्रयोग नेईं दे बराबर ऐ।

एरे मरजाटे कन्नै लज्जां बी बट्टियां जंदियां न जेह्ड़ियां खुहा चा पानी कड्डने दे कम्म औंदियां न ते एह् कम्म अक्सर म्हाशे जाति दे लोक गै करदे न। इसदे इलावा मरजाटे दे बी बिन्ने बनाए जंदे न। मरजाटे दे तील्ले पुल्ले होंदे न ते उसी दराटी कन्नै वश्काह्रा दो हिस्से करियै बिन्ने बुने जंदे न ते जेह्ड़े तील्लें भरोचे दे होंदे न उनेंगी बश्काह्रा चीरियै खुरपे कन्नै ओह्दी गरी कुट्टी लैत्ती जंदी ऐ ते फ्ही बिन्ना बुनेआ जंदा ऐ। एह् बिन्ना वजन च बड़ा हौला होंदा ऐ ते मुल्ला च सस्ता। धार्मिक मौके पर इस चाल्ली बिन्ना दान पुन आस्तै मता बरतोंदा ऐ।

**वन्जा दी बुनाईः-**

जम्मू प्रातः प्हाड़ी लाका ऐ ते निक्के म्हल्ले ग्राएं च बंडोए दा ऐ ते उप्परली प्हाड़ी लाके गी छोड़ियै गभली पट्टी जि'यां बसोह्ली, रामकोट, रामनगर ते उसदे अग्गै जम्मू अखनूर बगैरा ते कंढ़ी लाके च बड़ी कारगार साबत होंदियां न पर मशीनी युग होने करी इसदा प्रयोग बड़ा घट्ट होई गेदा ऐ जां अक्खी लैओ जेह्ड़े ग्रांs शैह्रा कोला मते पिछड़े दे रेही गेदे न उत्थें इंदा प्रयोग अज्ज बी होआ करदा ऐ। जि'यां पक्खियां, मेज, कुर्सियां, छिक्कू, खारे, चंगरे, निक्के छिक्करू ते टोकरू बगैरा।

**खजूरी दे पत्तरें दी बुनाईः-**

खजूर दे पत्तरें दियां मतियां चीजां वस्तां बनदियां न। खजूर दे पत्तरें दियां छाबड़ियां, बिन्ने, किरनू, पनोटू बगैरा बनाए जंदे न। इस्सी बी पट्ठे आह्ला लेखा सकाइयै इस पर रंग बिरंगे रंगै कन्नै रंगेआ जंदा ऐ। खजूरा दे पत्तरें दा बिन्ना ते फूह्ड़ी बी बनाई जंदी ऐ। इ'यां ते पराली दी बी फूह्ड़ी बनाई जंदी ऐ पर शैल फूह्ड़ी खजूर दी गै होंदी ऐ। खजूर दे पत्तर असेंगी ज्यादातर कंढी लाकें च गै मिलदे न ते इसदे पत्तरें कन्नै स्यानियां जनानियां जां आक्खी लैओ बजुर्ग जनानियां भांत-भांत दियां चीजां बनाइयै अपनी कला दा नमूना पेश करदियां न।

इसदे इलावा कनका दी कान्नी दी बड़ियां खूबसूरत पक्खियां बनाई जंदियां न। जनानियां केईं रंग-बिरंगे धागें कन्नै इंदे च डजैन-बनांदियां न। पक्खी दे त्रौनें पास्से रंग बिरंगे गोटे-दार जां कपड़े दी झालर लाई इसदी खूबसूरती गी बी चार चन्न लाई दिंदियां न। कान्ने कन्नै छज्ज बगैरा बी बनाए जंदे न।

एह् ग्राएं दे हर घर च लब्भी जंदे न। छज्ज कन्नै केईं बारी अस छट्ट फटाकी बी करने आं यानि चौल, कनक, मक्क बगैरा दी फटाकी करनी होऐ।

**बग्गड़ दियां जुड़ियां :** बग्गड़ लम्मा-लम्मा बरीक घाs होंदा ऐ जेह्ड़ा ज्यादातर घाटै पर होंदा ऐ जित्थें डंगर नेईं पुज्जी सकदे। पैह्ले जमाने च जनानियां इसदे कन्नै चुल्ले-चौके च सोत-फंड दिंदियां हां। इस्सी रस्सी कन्नै गुंदी-गुंदी इसदियां जुड़ियां बनाई जंदियां हा। इसी सिर्फ ओह् चुल्ली चौके च गै बरतदे हे। कीजे पैह्लें लोकें च सुच्च बड़ी होंदी ही। पसार आंगन सोतने तांई बक्खरी ब्हारी होंदी ही।

इसदे इलावा पैह्ले लोक पीढ़ी बी बनांदे हे इसदा डिजाइन खट्टा कोला बक्खरा होंदा हा।

**संदर्भ :**

शास्त्री, केदारनाथ. (n.d.). *डोगरी निबंधावली*. डोगरी संस्था, जम्मू.

शर्मा, डॉ. चम्पा. (n.d.). *डुग्गर दा लोक जीवन*. डोगरी संस्थां, जम्मू.

पोस्ट ग्रैजुएट डोगरी डिपार्टमेंट, जम्मू यूनिवर्सिटी. (n.d.). *भारती फोकलोर*. जम्मू यूनिवर्सिटी, जम्मू.

रानी, डॉ सुषमा. (2021). *डुग्गर संस्कृति दी झलक*. अक्षय प्रकाशन, जम्मू.

डोगरी संस्था, जम्मू. (n.d.). *डुग्गर दियां लोक कलाः रजत जयंती अभिनन्दन ग्रंथ*. डोगरी संस्था, जम्मू.

पठानिया, प्रो. शशि. (2022). *डोगरी लोक-साहित्य ते डोगरा लोक-संस्कृति*. जम्मू एंड कश्मीर अकैडमी ऑफ आर्ट, कल्चर एंड लैंग्वेजेज, जम्मू.

गोस्वामी, डॉ. ओम., & गुप्ता, अशोक. (Eds.). (1985/2015). *डुग्गर दा सांस्कृतिक इतिहास* (प्रथम संस्करण: 1985, द्वितीय संस्करण: 2015). जम्मू एंड कश्मीर अकैडमी ऑफ आर्ट, कल्चर एंड लैंग्वेजेज, जम्मू.

कुमार, डॉ. नरेश. (n.d). *डुग्गरः प्राचीन भारतीय संस्कृति मूल्य, आधुनिक संदर्भ*.

भार्गव, डॉ. निर्मल. (n.d). *वैदिक साहित्य एवं संस्कृति*. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.

उपाध्याय, भगवत शरण. (n.d). *भारती कला और संस्कृति की भूमिका*. रणजीत प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स.

राची, दिनेश प्रसाद. (n.d). *लोक साहित्य और संस्कृति*. भारती प्रकाशन, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद.

शोभा, डॉ. सवित्री चन्द्र. (n.d). *समाज और संस्कृति*. नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दरियागंज, नई दिल्ली.

# विशेष आवश्यकता वाले (सीडब्ल्यूएसएन) छात्रावासी एवं गैर छात्रावासी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन

**रोशन लाल पटेल*** **राजीव कुमार तिवारी†** **डॉ. पी. एन. मिश्र‡**
**roshanbadwar@gmail.com** **rajivtiwari1124@gmail.com** **pnathmishra@gmail.com**

**संक्षेपिका:**

मनुष्य गुणों से भरी एक खान के समान है, शिक्षा ही इसके कोषों को उजागर कर सकती है। शिक्षा मनुष्य के विकास की पूर्णता की अभिव्यक्ति है। सीडब्ल्यूएसएन पूर्ण रूप चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स है, जिसे हिंदी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चे कहा जाता है। दिव्यांगता मुख्य रूप से कई रूपों में दृष्टिगोचर होती है जैसे दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, वाकदोष या वाणी दोष, अस्थि बाधित ,मानसिक मंदता एवं पिछड़े बालक आदि। सीडब्ल्यूएसएन बच्चों में मानसिक योग्यता एवं बुद्धि लब्धि सामान्य बच्चों जैसी अथवा उनसे अधिक होती है। दिव्यांगता का दोष बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में बाधक होता है। सीडब्ल्यूएसएन बच्चे सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग नहीं लेते, उनमें एकाकीपन की भावना विद्यमान रहती है । कुछ बच्चे सामान्य स्कूलों में घर से आकर पढ़ते हैं जबकि कुछ बच्चे छात्रावास में रहकर छात्रावास से विद्यालय जाते हैं, जिनके लिए शासन स्तर पर खास सुविधाएं भी होती हैं। शोध का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले छात्रावासी एवं गैर छात्रावासी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना था। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि, विशेष आवश्यकता वाले छात्रावासी एवं गैर छात्रावासी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**मुख्य शब्द :**

विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (CWSN), शैक्षिक उपलब्धि, छात्रावासी विद्यार्थी, गैर छात्रावासी विद्यार्थी, दिव्यांगता, समावेशी शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण

* **शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)**

† **शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)**

‡ **शोध-निर्देशक एवं प्राध्यापक, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)**

**प्रस्तावना:**

मनुष्य गुणों से भरी एक खान के समान है, शिक्षा ही इसके कोषों को उजागर कर सकती है। शिक्षा मनुष्य के विकास की पूर्णता की अभिव्यक्ति है। शिक्षा के द्वारा ही इच्छा शक्ति की धारा पर सार्थक नियंत्रण स्थापित हो सकता है, शिक्षा के शब्द संग्रह अथवा शब्द समूह की स्मृति न देखकर विभिन्न शक्तियों के विकास के रूप में देखा जाना चाहिए। शिक्षा से ही व्यक्ति सही रूप में चिंतन करना सीखना है। मनुष्य की पहचान शिक्षा है।

सीडब्ल्यूएसएन का पूर्ण रूप चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स है जिसे हिंदी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चे कहा जाता है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चे शारीरिक तथा मानसिक भिन्नता के कारण विशिष्ट कहे जाते हैं। इनमें सीखने की अक्षमता, बाध्यता तथा शारीरिक अक्षमता पाई जाती है। इस अशक्तता को निर्योग्यता, विकलांगता, बाधित तथा शारीरिक दोष के नाम से पुकारा जाता था, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा अब इसे नया शब्द दिव्यांग दिया गया है जिससे ऐसे पीड़ित व्यक्तियों में हीन भावना न उपजे एवं समाज में उन्हें भी सम्मान मिले तथा उनमें निहित गुणों का विकास किया जा सके। ये बच्चे दृष्टि, श्रवण, वाणी तथा मंदबुद्धि सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म (आत्म केंद्रित) एवं अधिगम अक्षमता भी रखते हैं। कुछ बालकों में अटेंशन डिफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर (ध्यान अभाव सक्रियता विकार) पाया जाता है। ऐसे बालकों की शिक्षा विशेष आवश्यकता के साथ की जाती है क्योंकि इनकी शैक्षिक आवश्यकताएं अन्य सामान्य बालकों से पृथक होती हैं।

***विशेष आवश्यकता वाले बच्चे* :** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान उनके व्यवहार, चलने-फिरने, बैठने-उठने तथा उनकी शारीरिक प्रवृत्ति से की जा सकती है। इसके अतिरिक्त उनके कार्य करने की विधि, कार्यक्षमता तथा कार्य के परिणाम आदि से भी उनकी पहचान की जा सकती है।

***शारीरिक अक्षमताओं (विशेष आवश्यकता वाले बच्चों) के प्रकार***- आंशिक शारीरिक रूप से अक्षम या अशक्त बालक में दिव्यांगता प्रमुख रूप से कई रूपों में दृष्टिगोचर होती है- जैसे दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, वाक् दोष या वाणी दोष, अस्थिबाधित, मानसिक मंदता एवं पिछड़े बालक आदि। इन श्रेणियों के अतिरिक्त कक्षा में प्रतिभाशाली/ विशेष योग्यता वाले विद्यार्थी भी होते हैं जिनको पढ़ाते समय विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ती है।लड़कियों के लिए विशेष शिक्षण की आवश्यकता पड़ती है।

**विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की अक्षमता की विशेषताएं एवं समस्याएं:**- सामान्यतः दिव्यांगता तथा अक्षमता की निम्नलिखित विशेषताएं होती हैं-

- सीडब्ल्यूएसएन बच्चों की मानसिक योग्यता एवं बुद्धि लब्धि सामान्य बच्चों जैसी अथवा उनसे अधिक होती है।
- सीडब्ल्यूएसएन बच्चे सामान्य बच्चों की अपेक्षा शारीरिक रूप से निर्बल होते हैं।
- दिव्यांगता का दोष बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में बाधक होता है।

- सीडब्ल्यूएसएन बच्चे सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग नहीं लेते इनमें एकाकीपन की भावना विद्यमान रहती है।
- सीडब्ल्यूएसएन बच्चे सामाजिक दृष्टि से भी भलीभांति समायोजन नहीं कर पाते फलतः अपने साथियों तथा समाज के अन्य व्यक्तियों द्वारा वे उपहास के पात्र बनते हैं।
- सीडब्ल्यूएसएन बच्चों में अपनी शारीरिक अपंगता के कारण हीन भावना पैदा हो जाती है जो उनके व्यक्तित्व को बौना बनाए रखती है।
- सीडब्ल्यूएसएन बच्चे अपनी विकलांगता की कमी किसी न किसी दूसरे क्षेत्र में पूर्ण कर लेते हैं, जैसे किसी कलात्मक कार्य में प्रवीणता, संगीत में रुचि, वाद-विवाद तथा अध्ययन में बहुत आगे होते हैं।

शोधार्थी द्वारा उपरोक्त विशेषताओं एवं समस्याओं को देखते हुए ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर शोध करने का निर्णय लेते हुए CWSN बच्चों तथा छात्रावासी बच्चों के बारे में बारीकी से अध्ययन किया गया और छात्रवासी एवं गैर छात्रवासी विद्यार्थियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई।

**उद्देश्य:**

1. विशेष आवश्यकता वाले छात्रवासी और गैर छात्रवासी विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि की वास्तविक स्थिति का अध्ययन करना।
2. शासकीय छात्रावासों एवं विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता का अध्ययन करना।
3. शासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन की स्थिति का अध्ययन करना।

**परिकल्पना:**

1. विशेष आवश्यकता वाले छात्रवासी एवं गैर छात्रावासी विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. शासकीय छात्रावासों एवं शासकीय विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं।
3. शासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन में सार्थक वृद्धि हुई है।

**न्यादर्श:**

प्रस्तुत अध्ययन के अंतर्गत 10 विद्यालयों के कक्षा 6 के 25 छात्रवासी एवं 25 गैर छात्रावासी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों पर शोध कार्य किया गया। साथ ही 30 शिक्षकों, दो छात्रावास अधीक्षकों ,10 संस्था प्रधानों को भी न्यादर्श के रूप में चुना गया है।

**विश्लेषण एवं व्याख्या:**

परीक्षण पत्रक द्वारा छात्रावासी एवं गैर छात्रावासी विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया, प्राप्त अंकों का क्षेत्रवार मध्यमान एवं मानक विचलन ज्ञात करने के पश्चात टी-मान ज्ञात कर विश्लेषण किया गया, जो सारणी 1.1 में अवलोकनीय है।

**सारणी 1.1 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 6 के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में गैर छात्रवासी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का सांख्यिकी विश्लेषण**

| समूह | छात्रावासी विद्यार्थी | गैर छात्रावासी विद्यार्थी |
|---|---|---|
| समूह की संख्या (N) | 25 | 25 |
| मध्यमान (M) | 52.60 | 47.40 |
| मानक विचलन (SD) | 17.27 | 18.61 |

- The value of t = 1.02
- df = $(N_1\text{-}1) + (N_2\text{-}1)$
- df = (25-1) + (25-1)
- df = 24+24
- df = 48

उपरोक्त सारणी के अनुसार स्वतंत्रता की कोटि 48 के लिए टी का मानक मान 0.01 विश्वास स्तर पर 2.68 तथा 0.05 विश्वास स्तर पर 2.01 है, जबकि गणना से प्राप्त टी का मन 1.02 है, जो कि दोनों विश्वास स्तरों के मानों से कम है। अतः शोध क्षेत्र में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 6 के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छात्रवासी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं गैर छात्रावासी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी क्रमांक 1.2:** शासकीय छात्रावासों एवं शासकीय विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता का अध्ययन

| क्र. | जानकारी संकलन का स्त्रोत | न्यादर्श में चयनित कुल संख्या | विशेष प्रशिक्षण प्राप्त | | सामान्य प्रशिक्षण प्राप्त | | अप्रशिक्षित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **संख्या** | **प्रतिशत** | **संख्या** | **प्रतिशत** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
| 1 | संस्था प्रमुख | 10 | 09 | 90% | 01 | 10% | - | - |
| 2 | छात्रावास अधीक्षक | 02 | 02 | 100% | - | - | - | - |
| 3 | शिक्षक | 30 | 28 | 93.33% | 02 | 6.67% | - | - |

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि शोध क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण के बारे में 90 प्रतिशत संस्था प्रमुख, शत-प्रतिशत छात्रावास अधीक्षक व 92.33 प्रतिशत शिक्षक यह मानते हैं कि शिक्षक विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है जबकि 10 प्रतिशत संस्था प्रमुख व 6.67 प्रतिशत शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को केवल सामान्य प्रशिक्षण प्राप्त मानते हैं।

अतः उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि शासकीय छात्रावासों एवं शासकीय विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं।

**सारणी क्रमांक 1.3:**

**शासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन की स्थिति का अध्ययन**

| क्र. | जानकारी संकलन स्त्रोत | न्यादर्श में चयनित कुल संख्या | बच्चों के नामांकन में वृद्धि से सहमत | | बच्चों के नामांकन में वृद्धि से असहमत | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **संख्या** | **प्रतिशत** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
| 1 | संस्था प्रमुख | 10 | 08 | 80% | 02 | 20.00% |
| 2 | छात्रावास अधीक्षक | 02 | 02 | 100% | - | - |
| 3 | शिक्षक | 30 | 28 | 93.33% | 02 | 6.66% |

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि शोध क्षेत्र के 80% संस्था प्रमुख, शत -प्रतिशत छात्रावास अधीक्षक, 93.33 प्रतिशत शिक्षकों का यह मानना है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन में वृद्धि हुई है जबकि 20% संस्था प्रमुख व 6.66% शिक्षक यह मानते हैं कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन में वृद्धि नहीं हुई है।

अतः उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि शोध क्षेत्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन में वृद्धि हुई है।

**निष्कर्ष:**

प्रदत्तों के विश्लेषण के उपरांत जो परिणाम प्राप्त हुए हैं, उनसे यह निष्कर्ष निकलता है कि, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छात्रावासी एवं गैर छात्रावासी विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नहीं है। शासकीय छात्रावास एवं शासकीय विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं। शासकीय विद्यालय एवं छात्रावास में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन में सार्थक वृद्धि हुई है।

**सुझावः**

- विशेष आवश्यकता वाले बच्चे स्वयं को अनेक समस्याओं से ग्रसित पाते हैं, यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है तो, उनमें मानसिक द्वंद्व तथा तनाव बढ़ जाता है, इसलिए शिक्षक को उनकी समस्या का समाधान ढूंढना अति आवश्यक है।
- विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों में हीन भावना न पनपे, इसके लिए शिक्षकों द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सदैव प्रोत्साहित करते रहना चाहिए तथा सामान्य बच्चों की तरह सामानुभूति रखना चाहिए।
- शासन, प्रशासन व अभिभावकों द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के समुचित वृद्धि एवं विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना चाहिए।
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का समय-समय पर चिकित्सक द्वारा जांच करवा कर उपचार अवश्य करना चाहिए।
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों की बैठक समय-समय पर होनी चाहिए। उन्हें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति कैसे व्यवहार व देखभाल करना है इसका प्रशिक्षण अवश्य प्रदान करना चाहिए।

**संदर्भः**

कौल, लोकेश. (1998). *शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली*. नई दिल्ली: विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि..

तिवारी, गोविंद. (1985). *शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक अनुसंधान के मूलाधार*. आगरा: विनोद पुस्तक मंदिर.

त्रिपाठी, आर. बी. (1986). *अनुसंधान के मूल तत्व*. इंदौर: खालसा पब्लिकेशन.

पाण्डेय, कृष्ण गोविंद. (2004). शारीरिक क्रियाओं व खेलकूद द्वारा मानसिक स्वास्थ्य का विकास. *एनसीईआरटी प्राथमिक शिक्षक*, *29*(4), 56-60. नई दिल्ली: एनसीईआरटी.

राय, पारसनाथ. (1997). *अनुसंधान परिचय*. आगरा: जैन एण्ड संस प्रिंटर्स.

सिंह, एच. पी., & सिंह, ज्योति. (2009). *स्वस्थ जीवन के संदेश*. रीवा: जिला रेड क्रॉस सोसाइटी.

# सामाजिक बहिष्करण की अवधारणा : एक सारगर्भित अध्ययन

**चंद्रमणि राय***

**chandramanirai1995@gmail.com**

सामाजिक बहिष्करण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई समुदाय अथवा समाज का एक तबका समाज की गतिविधियों में भागीदारी से पूर्ण अथवा आंशिक रूप से वंचित हो जाता है। परिणाम स्वरूप उन्हें गरीबी, वंचना, असमानता और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। सामाजिक बहिष्करण भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, नस्ल, लिंग, शारीरिक अक्षमता, भौगोलिक क्षेत्र, विशेषज्ञता आदि आधारित हो सकता है। वस्तुतः सामाजिक बहिष्करण की जड़ें ऐतिहासिक हैं परंतु अपने आधुनिक संदर्भ में अथवा ''सामाजिक बहिष्करण'' पद के रूप में यह सन 1974 में रेने लेनॉर द्वारा परिभाषित हुआ। आधुनिक संदर्भों में इसका मुख्य जोर सरकार की विकास योजनाओं द्वारा उत्तपन्न बहिष्करण तथा लेबर-मार्किट संबंधों पर है। यही नहीं बल्कि समय बीतने के साथ-साथ इसने अपने भीतर अनेक तत्वों को समावेशित किया है। हिलेरी सिल्वर के अनुसार सामाजिक बहिष्करण के क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक, भौतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं भौगोलिक तत्व सम्मिलित हैं। जो निम्नलिखित हैं-

सिल्वर ने इसके बृहद क्षेत्रों में 'जीवन यापन हेतु सुरक्षित परिस्थिति का आभाव तथा बेरोजगारी, संपत्ति अथवा भूमि अधिग्रहण, अशिक्षा, विकलांगता, गरीबी तथा वंचना, हाशियाकरण, सांस्कृतिक पूंजी का ह्रास, नस्लीय व सामाजिक भेदभाव, कानूनी तथा लोकतांत्रिक भागीदारी से बहिष्करण आदि तत्वों सम्मिलित किया है' (डेली & सिल्वर, 2008)[1]

यूनाइटेड किंगडम के डिपार्टमेंट फॉर इंटरनेशनल डेवलोपमेन्ट के अनुसार सामाजिक बहिष्करण 'एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा कुछ समूह विशेष एक निश्चित/व्यस्थित प्रक्रिया के द्वारा हानि उठाते हैं। क्योंकि उनके साथ नृजातीयता, नश्ल, धर्म, लैंगिक झुकाव, जाति, वंश, लिंग, आयु, शारीरिक अक्षमता, HIV संक्रमण, विस्थापित अवस्था एवं निवास स्थान के आधार पर भेदभाव किया जाता है (जीएसडीआरसी, 2015)।'[2]

नाइला कबीर के अनुसार 'सामाजिक बहिष्करण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अथवा समुदाय आंशिक अथवा पूर्णरूपेण उस समाज में भागीदारी से वंचित हो जाते हैं, जिसमें वो निवास करते हैं' (कबीर, 2005)।[3]

***पी-एच. डी. शोधार्थी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

डॉ. प्रकाश लुईश के अनुसार 'सामाजिक बहिष्करण भेदभावपूर्ण जीवनचर्या का शक्तिशाली आधार है। मानवीय विकास के चरण में बहिष्करण कुछ निश्चित लोगों के समूह को जीवन के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक क्षेत्रों से पृथक्कृत करने का माध्यम बन चुका है (लुइस, 2015)।'[4]

इस प्रकार यह भी स्पष्ट है कि कुछ लोगों के लिए सामाजिक बहिष्करण जनित हानिकारक परिस्थितियां कुछ लोगों के लिए लाभ का विषय बन जाती हैं। वस्तुतः सामाजिक बहिष्करण निम्नलिखित पहलुओं को समेटे हुए है-

I. सामाजिक बहिष्करण संपत्ति से स्वामित्व का हरण है।
II. सामाजिक बहिष्करण एक अथवा अधिक क्षेत्रों से अलाभान्वित एवं हाशियाकृत करने की प्रक्रिया है।
III. यह स्वत्वहरण, गरीबी, वंचना एवं असमानता उत्तपन्न करती है ।
IV. इसके द्वारा अधिकारों, प्रतिस्पर्धा एवं छमता का पूर्ण अथवा आंशिक रूप से हरण कर लिया जाता है। जिसके कारण व्यक्ति अथवा समुदाय राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में उचित भागीदारी से वंचित रह जाता है।
V. यह सार्वजनिक सेवाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, आधारभूत सेवाएं आदि के लाभों से वंचित करता है।
VI. यह व्यक्ति अथवा समुदाय के सामाजिक ताने बाने अथवा जुड़ाव को नष्ट कर देता है।
VII. सामाजिक बहिष्करण गरिमा, मानवाधिकारों एवं अस्मिता के हरण से भी संबंधित है।
VIII. यह समाज में पदानुक्रम निर्माण करता है। जिसके द्वारा पहले से ही शोषित तबके पर विभिन्न माध्यमों के द्वारा अनर्गल प्रतिबंध थोपे जाते हैं तथा उनका शोषण किया जाता है।
IX. सामाजिक बहिष्करण में एक कि हानि दूसरे के लाभ में परिवर्तित हो जाती है। जिसके कारण हिंसा की उतपत्ति होती है।
X. यह कभी-कभी समान लोगों के बीच भी निर्योग्यताएँ आरोपित करती है।

स्पष्ट है कि सामाजिक बहिष्करण सैद्धांतिक दृष्टि से अत्यंत व्यापक क्षेत्र का अवगाहन करता है। परंतु फिर भी एशियाई विकास बैंक के लिए लिखे अपने लेख "सोशल एक्सक्लूशन : कांसेप्ट, एप्पलीकेशन एंड स्क्रूटनी" में अमर्त्य सेन ने इसके दो महत्वपूर्ण भागों; (क) सक्रिय बहिष्करण तथा (ख) निष्क्रिय बहिष्करण की चर्चा की है(सेन, 2005)'।[5]

सक्रिय बहिष्करण अर्थात ऐसा सामाजिक बहिष्करण जो किसी सक्षम एवं उत्तरदायी संस्था द्वारा निर्मित योजनाओं एवं नियमों के माध्यम से आता है। कई बार यह ऐसी योजनाओं के माध्यम से भी उपजता है जिनमें प्रत्यक्षतः नहीं अपितु उनके मूल में बहिष्करण के तत्व विद्यमान होते हैं। राजनीतिक बहिष्करण जैसे; मताधिकार से वंचित कर देना इसी प्रकार के सक्रिय बहिष्करण का उदाहरण है। उदाहरणतया ऐसे बहिष्करण

का सामना अप्रवासी एवं शरणार्थियों को करना पड़ता है। इन्हें आवश्यक राजनीतिक हैसियत नहीं प्राप्त होती है। जिसके कारण इन्हें विभिन्न प्रकार की वंचनाओं एवं भेदभावों का सामना करना पड़ता है। यूरोप, एशिया समेत सम्पूर्ण विश्व में अल्पसंख्यकों को इस प्रकार के बहिष्करण से दो चार होना पड़ता है। फ्रांस एवं जर्मनी में शरणार्थियों को नागरिकता देने संबंधी कानून अत्यंत कठोर हैं। जिसके कारण उन्हें मताधिकार से वंचित रहना पड़ता है। मताधिकार से वंचित होना अपने साथ कई निर्योग्यताओं तथा आर्थिक अलगावों को भी आरोपित करता है। जिसके कारण गरीबी एवं हाशियरण बढ़ता है। भारत में भी बंग्लादेशी शरणार्थियों की समस्या कुछ इसी प्रकार की है। पूरे एशिया में रोहंगिया शरणार्थियों को भी ऐसे बहिष्करण का सामना करना पड़ रहा है। सक्रिय बहिष्करण का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण सरकार की औद्योगिक नीतियां हैं। किन्हीं विशेष क्षेत्रों में ही महत्वपूर्ण एवं रोजगारपरक उद्योगों की स्थापना अन्य क्षेत्र के निवासियों को स्वतः ही विभिन्न प्रकार के लाभों से वंचित कर देती है। कोविड – 19 वायरस से आयी महामारी के कारण उपजी मजदूरों के पलायन की स्थिति ने इस प्रकार के बहिष्करण को स्पष्ट रूप से उद्घाटित किया है।

निष्क्रिय बहिष्करण अर्थात ऐसा सामाजिक बहिष्करण जो किसी संस्था द्वारा जानबूझकर अथवा किसी उद्देश्य हेतु नहीं किया जाता है। अपितु यह सामाजिक ताने बाने का उपज होता है अथवा कुछ सामाजिक मूल्यों के समुच्चय का उपज होता है। जैसे भारत जैसे देश में विद्यमान जाति व्यवस्था में ही सामाजिक बहिष्करण के तत्व विद्यमान हैं। यह किसी निश्चित जातीय समुदाय पर मात्र उसके जन्म के आधार पर निर्योग्यताएँ आरोपित करती है। एक अन्य उदाहरण मंद अर्थव्यवस्था जनित बेरोजगारी एवं गरीबी भी है। ऐसी अर्थव्यवस्था में सरकार अथवा जिम्मेदार संस्था की नीतियां नहीं बल्कि उसकी स्वयं की कमजोरियां होती हैं। ऐसी अर्थव्यवस्था में लोग स्वतः ही गरीबी एवं अलगाव के शिकार होते हैं। जम्मू कश्मीर से कश्मीरी पंडितों का पलायन सरकार की असफलता से अधिक वहां बढ़ते वहाबी कट्टरपंथ का नतीजा था। जम्मू कश्मीर का बहुसंख्यक मुसलमान अपने कुछ कट्टर धार्मिक मूल्यों के साथ संबद्ध था, जिनका समायोजन वह अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों के साथ नहीं कर पाया। परिणामस्वरूप हिंसक माध्यमों का सहारा लिया गया और कश्मीरी पंडितों को पलायन का सामना करना पड़ा।

**सामाजिक बहिष्करण के लिए उत्तरदायी महत्वपूर्ण तत्व** –

1. **जाति आधारित बहिष्करण-** अपने शास्त्रीय एवं आधुनिक दोनो ही संदर्भों में जाति भारतीय सामाजिक व्यवस्था में सामाजिक बहिष्करण का सर्वाधिक ध्यान देने योग्य पहलू है। चुकी सामाजिक बहिष्करण नामक अवधारणा की उत्पत्ति सत्तर-अस्सी के दसक की है इसलिए इसका यह तातपर्य नहीं है कि सामाजिक बहिष्करण की परिस्थितियां पहले मौजूद ही नहीं थीं। हां, यह अवश्य है कि "सामाजिक बहिष्करण" नामक शब्द युग्म ने अपने आधुनिक संदर्भों में एक विशेष अर्थगाम्भीर्य को धारण किया है। अतः जाति व्यवस्था जनित बहिष्करण के मुद्दों को एकीकृत (शास्त्रीय एवं आधुनिक) करके देखना अधिक सुगम एवं गोचर होगा। भारतीय जातीय व्यवस्था जनित बहिष्करण की कई परतें हैं जो जातीय

आधार पर वर्जनाएं आरोपित करती हैं। जिसके कारण व्यक्ति अथवा जातीय समूह सम्पूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों में अपनी पूरी छमता के साथ भागीदारी नहीं कर पाते हैं। परिणामस्वरूप गरीबी, वंचना, बेरोजगारी, भेदभाव एवं हाशियाकरण के शिकार लोग और पददलित होते जाते हैं तथा इन्ही के समानांतर इन वर्जनाओं के कारण कुछ समुदाय लाभ ग्रहण करते हैं। किसी भी अन्य समाजों के भांति भारत में भी समाजिक बहिष्करण समाज के संरचना पर निर्भर करता है। समाज को समाजिक संरचना किसी विशेष समाज की भूमिका और प्रस्थिति के क्रमपरिवर्तन और संयोजन के आलावा कुछ और नहीं है। इस तर्क के आधार पर हम कह सकते हैं कि दलित समुदाय को हिंदू समाज के सभी अधिकारों से वंचित किया गया। उनको जो कुछ भी दिया गया उसके साथ भी तिरस्कार और कलंक को जोड़ दिया गया। इस आधार पर कहा जा सकता है किस अपवर्जना के लिए कोई व्यक्ति या सामाजिक समूह जिम्मेवार नहीं है वरन वह सामाजिक संरचना है जो उनको भूमिका और प्रस्थिति का निर्धारण करती है, इसलिए सामाजिक संरचना सामाजिक बहिष्करण का प्रमुख कारण है।

समाजिक बहिष्करण व्यक्ति के भूमिका और प्रस्थिति पर निर्भर करता है, जाति आधारित समाजिक बहिष्करण सामूहिक अस्मिता पर निर्भर करता है। इस जाति व्यवस्था में पूरे जाति समूह पर कलंक व अपवर्जन रहता है अर्थात व्यक्ति कि व्यक्तिगत उपलब्धि एवं आर्थिक, राजनितिक और शैक्षणिक गतिशीलता के बाद भी यह सामाजिक बहिष्करण बना ही रहता है। इस प्रकार सामाजिक बहिष्करण, सामूहिक प्रकृति का होता है, व्यक्तिगत नहीं।

जाति के आधार पर समाजिक बहिष्करण जीवन के किसी एक आयाम में नहीं वरन् यह बहिष्करण बहुआयामी होता है, इस प्रकार सामाजिक बहिष्करण की प्रकृति बहुआयामी होता है।

सामाजिक बहिष्करण एक गतिशील प्रक्रिया है जो सतत चलती रहती है, इसका अपना लंबा इतिहास होता है, जाति के आधार पर सामाजिक बहिष्करण कोई कुछ सौ साल की बात नहीं वरन् यह हजारों साल से चलता आ रहा है, दलित समुदाय की कई पीढ़ियां इस अपवर्जन को झेल रही हैं, अतः सामाजिक बहिष्करण की एक प्रमुख प्रकृति ऐतिहासिकता को रेखांकित किया जा सकता है।

सामाजिक बहिष्करण अपने आप में घटित नहीं होता है इसके लिए कोई न कोई (एक्टर) कर्ता होता है, इसके मूल में कोई न कोई एजेंसी होती है जो कर्ता को इसके लिए दूसरे समूह के प्रति व्यवहार को निर्धारित करती है, जाति आधारित सामाजिक बहिष्करण में जाति व्यव्स्था द्वारा प्रत्येक जाति समूहों के लिए दूसरे जाति समूहों के प्रति आचार, व्यवहार निर्धारित है जो तमाम प्रथा, संस्कार के माध्यम से उच्चता निम्नता का निर्धारण होता है फिर उसके अनुसार एक दूसरे से व्यवहार किया जाता है, इस प्रकार सामाजिक बहिष्करण के प्रमुख प्रकृति में उसके एजेंसी का होना भी प्रमुख है

जाति व्यवस्था जनित बहिष्करण को तत्कालीन संदर्भो में समझने के लिए हमें निम्नलिखित पांच तत्वों का विश्लेषण करना होगा –

a) सामाजिक-आर्थिक स्थिति
b) शैक्षणिक स्तर
c) स्वास्थ्य और सेक्सुअलिटी
d) हिंसा एवं सामाजिक पूंजी
e) रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियां

**सामाजिक-आर्थिक स्थिति** – भारतीय समाज में विभिन्न जातियों का सामाजिक एवं आर्थिक स्तर भिन्न है। जातीय समुदायों की सामाजिक हैसियत उनके जन्म से ही निर्धारित हो जाती है। परंतु यह तथ्य भी शत प्रतिशत सत्य है कि जातियों की आर्थिक स्थिति भी उनकी सामाजिक हैसियत से बहुत हद तक प्रभावित होती है। क्योंकि यहां जातीय समुदायों के व्यवसाय जन्मना निर्धारित होते हैं। जो कुछ के लिए लाभ का तो अन्यों के लिए हानि का कारण बनते हैं। हालांकि उदारवादी अर्थव्यवस्था एवं वैश्वीकरण का प्रभाव जाति व्यवस्था पर भी पड़ा है और जाति के बंधन कुछ कमजोर हुए हैं। जातीय बहिष्करण के इस प्रतिरूप को समझने के लिए उदाहरण स्वरूप अनुसूचित जाति के व्यावसायिक पैटर्न को देखते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जाति की कुल आबादी 18.6% है। ये आबादी घरेलू, दैनिक मजदूरी, छोटे-मोटे स्वरोजगार तथा खेतिहर मजदूरी के साथ- साथ सीमित स्तर पर "लोन लैंड" तथा अत्यंत सीमित निजी जमीन पर खेती भी करती है। NSS द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सन 2000 में गंवई क्षेत्रों में इनकी कुल आबादी का लगभग 17% खेती से संबंधित स्वरोजगार पर आश्रित था। जबकि इनकी कुल आबादी का 12% निजी व्यवसायों से जुड़ा है। अतः ऐसे संसाधन जहां से इन्हें सतत और निश्चित आय प्रप्त हो, औसतन 28% है। जो कि अन्यों के 56% के मुकाबले बहुत कम है। शहरी क्षेत्रों में भी यह अनुपात 27% के मुकाबले 35.5% का है। इसका परिणाम यह है कि गंवई क्षेत्रों में इनकी कुल आबादी का 61.40% तथा शहरी क्षेत्रों में 26% दैनिक मजदूरी पर आश्रित है। जो अन्यों के 25.5% तथा 7.45% के तुलना में बहुत अधिक है। शहरी क्षेत्रों में इनकी कुल आबादी का लगभग 38% नियत एवं वैतनिक कार्यों पर आश्रित है। इस प्रकार इनकी कुल आबादी का गंवई क्षेत्रों में लगभग 62% तथा शहरी क्षेत्रों में लगभग 63% भाग निर्वाह मजदूरी पर आश्रित है। अतः स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति के पास निश्चित आय के स्रोत अत्यंत सीमित हैं। जिसके कारण इनकी अन्यों पर निर्भरता बढ़ती है। यह निर्भरता प्राचीन एवं सांस्थानिक तो है ही परंतु साथ ही साथ उदारवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत भी इसपर कुछ व्यापक असर नहीं पड़ा है। इस प्रकार बहिष्करण का यह रूप वर्तमान समय में भी थोड़े बहुत परिवर्तनों के साथ सतत रूप से गतिमान है।

**शैक्षणिक स्तर** – भारतीय जातीय व्यवस्था में ऐसी जातियां जिनका आय स्तर सीमित है, उनके बच्चों को आवश्यक शिक्षा नहीं प्राप्त होती है। ऐसी अवस्था में इनके बच्चे कभी विद्यालय जाते ही नहीं हैं अथवा जाते भी हैं तो बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। शिक्षा के अपवर्जन की यह प्रक्रिया पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। हालांकि सन 2000 के बाद से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के साक्षरता दर में संतोषजनक वृद्धि देखने को मिल रही है। परंतु यह भी सत्य है कि मात्र साक्षरता दर में वृद्धि ही वास्तविक

कहानी नहीं है। 10 नवंबर, 2013 को टाइम्स ऑफ इंडिया में छपे आंकड़ों के अनुसार सन 2001 की तुलना में 2011 में अनुसूचित जाति की साक्षरता दर में कुल 11.4% की वृद्धि हुई है तथा यह राष्ट्रीय औसत 73% के मुकाबले 66.1% पर पहुंच गया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण छलांग महिलाओं ने लगाई है। सन 2001 में अनुसूचित जाति की महिलाओं का साक्षरता दर 41.9% थी। जो कि 2011 में 14.6% बढ़कर 56.5% हो गयी। वहीं अनुसूचित जाति के पुरुषों की साक्षरता दर 2001 में 66.7% थी जो कि 2011 में 8.5% वृद्धि के साथ 75.2% हो गयी। अनुसूचित जनजाति की साक्षरता दर में भी सन 2001 से 2011 के बीच 11.9% की वृद्धि दर्ज की गयी। सन 2001 में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की साक्षरता दर 34.8% थी। जो कि 2011 में 14.6% बढ़कर 49.4% हो गयी । वहीं अनुसूचित जनजाति के पुरुषों का साक्षरता दर 2001 में 59.1% थी जो कि 2011 में 9.4%% वृद्धि के साथ 68.5% हो गयी ।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि हाल के वर्षों में संवैधानिक उपायों एवं सरकारी उत्तरदायित्वों के कारण अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की साक्षरता दर में व्यापक वृद्धि हुई है। परंतु फिर भी यह राष्ट्रीय अनुपात की तुलना में कम है।

**स्वास्थ्य और सेक्सुअलिटी -** भारत में जातीय भेदभाव का सामना कर रहे तबकों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अत्यंत दूभर है। यही नहीं इनमें कुपोषण भी भारी मात्रा में विद्यमान है। इन सब के कारण इन समुदायों में शिशु एवं मातृ मृत्यु भी अन्यों की अपेक्षा 33% से 100% अधिक है। नेशनल फैमिली प्लानिंग एंड हेल्थ सर्वे-3 के अनुसार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति में शिशु मृत्यु दर प्रति हजार पर क्रमशः 64.4 तथा 62.1 है। इसी प्रकार यहां मातृ मृत्यु दर भी अधिक है। बहिष्करण का सामना कर रहे जातीय समुदायों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी अन्यों के तुलना में अधिक होती हैं। जिसके कारण इनकी जीवन प्रत्याशा भी कम होती है।

भारत में SC/ST समाजों में बहुत ही कम उम्र में मां-बाप बनने की प्रवृति है। जिसके कारण बच्चों की परवरिश सही ढंग से नहीं हो पाती है। कम उम्र में ही मां अथवा पिता की मृत्यु हो जाने पर बहुत सारे बच्चों को बिना मां-बाप के ही बड़ा होना पड़ता है। इन समुदायों में शिक्षा के अभाव एवं सामाजिक परिवेश में जागरूकता के अभाव के कारण बहुत सारे बच्चे परिपक्व उम्र से पहले ही शारीरिक संबंध बनाने को मजबूर होते हैं।

**हिंसा एवं सामाजिक पूंजी** – सामाजिक पूंजी एवं हिंसा का स्तर एक दूसरे से गुथें हुए हैं। जिन समाजों में सामाजिक बंधन एवं संप्रेषण मजबूत होता है, वहां हिंसा की संभावना भी कम होती है और जिन समाजों में हिंसा का स्तर अधिक होता है वहां सामाजिक पूंजी का संरक्षण भी दुर्लभ हो जाता है। **प्रोस्पेरेटी इंडेक्स – 2023** में भारत 101वें स्थान पर है। दूसरे शब्दों में यह समाजीक पूंजी के स्तर को प्रदर्शित करता है जो कि अत्यंत निम्न स्तर पर है। सामाजिक पूंजी को मजबूत करने के लिए पड़ोसियों के बीच आपसी संबंधों का

प्रगाढ़ होना तथा आपसी संवाद अतिआवश्यक है। ऐसा होने पर एक-दूसरे पर विश्वास तथा एक-दूसरे के प्रति अपराध में कमी आती है। परंतु भारतीय समाज विभिन्न जातियों में विभक्त है और साथ ही साथ एक-दूसरे पर विश्वास भी नहीं करता। परिणामस्वरूप आए दिन जातीय हिंसा की घटनाएं सामने आती रहती हैं और इस हिंसा के शिकार दलित, अति पिछड़े एवं जनजातीय समुदाय अधिक होते हैं। आए दिन नवीन आक्रामक संगठनों का निर्माण इसका उदाहरण है।

**रोजगार** – भारत में जाति आधारित बहिष्करण सीधे तौर पर रोजगार से जुड़ा है। छुआछूत का सामना कर चुकी जातियां इसकी सर्वाधिक शिकार होती हैं। भारतीय जाति व्यवस्था का ढांचा ही ऐसा है जहां दलितों और अतिपिछड़ों के पास निश्चित तथा सतत आय के स्रोत अत्यंत सीमित हैं। यहां अधिकतर जमीनों पर कृषक तथा मार्शल जातियों का कब्जा है जबकि व्यवसाय पर वैश्य समाज का। उदारवाद एवं वैश्वीकरण के दौर में इसमें बहुत सीमित परिवर्तन ही दृष्टिगोचर होता है। आज भी अनुसूचित जातियों का 60% से बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र से जुड़ा है। जबकि इनके पुरुष कामगारों का 46% हिस्सा दिहाड़ी मजदूरी से जुड़ा है जहां रोजमर्रा के काम के आधार पर मजदूरी तय की जाती है।

2. **विस्थान आधारित बहिष्करण-** सामाजिक बहिष्करण के एक भाग के रूप में विस्थापन विकास और विनाश दोनों से संबंधित है। 'जहां विकास व विस्थापन होता है वहां से गरीबी दूर भी होती है और गरीबी दस्तक भी देती है। जैसे किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी अथवा विदेशी निवेश अथवा बहुउद्देश्यीय योजनाओं की स्थापना हेतु जब भूमि अधिगृहित कर उस भूमि पर उद्योगों अथवा संयंत्रों की स्थापना की जाती है तब आस-पास के लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। परंतु साथ ही साथ जिनकी भूमि अधिग्रहित की गई है उंन्हे विस्थापन का सामना करना पड़ता है। उचित पुनर्वास के अभाव में ऐसे विस्थापित समुदाय झुग्गियों, अत्यंत घनी आबादी वाले क्षेत्रों एवं टेंट सिटी में रहने के लिए बाध्य होते हैं(कीड़ो, 2017)'।[6] जहां स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार आदि की पहुंच दुर्लभ होती है । ऐसी अवस्था मे विस्थापित एक नागरिक के रूप में उन राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों का उपभोग नहीं कर पाते हैं जो आम नागरिक करते हैं। विस्थापितों को न केवल गरीबी, वंचना एवं हाशियाकरण का सामना करना पड़ता है अपितु उन्हें अपने मूल्यों, परंपराओं, संस्कृति, अस्मिता आदि से भी समझौता करना पड़ता है। विस्थापित जब एक स्थान से दूसरे स्थान पर पुनर्वासित होते हैं तो बहुधा उंन्हे भाषा तथा भौगोलिक परिस्थितियों से उत्तपन्न कठिनाइयों व भेदभाव का सामना करना पड़ता है। परिणामस्वरूप विस्थापितों की भागीदारी आपराधिक तथा नशेड़ी प्रवृत्तियों में बढ़ती है।

'कुछ ऐसी ही परिस्थितियों का सामना विदेशी अप्रवासियों तथा शरणार्थियों को भी करना पड़ता है। मेजबान समुदाय द्वारा इनके धर्म, भाषा तथा संस्कृति को हमेशा ही संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। जिसके कारण इन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त करने तथा अपने दैनिक कृत्यों का पालन करने में कठिनाई का

सामना करना पड़ता है। परिणामतः हिंसा एवं द्वेष की उतपत्ति होती है। इस प्रकार इनकी भी भागीदारी आपराधिक कृत्यों में बढ़ने लगती है (फ्रेजर, 1998)'।[7]

विस्थापितों को निम्नलिखित भौतिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है-

(अ) इन्हें अपने मूल निवास से अत्यधिक घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पुनर्वासित होना पड़ता है जहां मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ सामाजिक सेवाओं का भी अभाव होता है।

(ब) बेरोजगारी अथवा अल्परोजगार का सामना करना पड़ता है।

(स) स्थानीय एवं मेजबानों की हिंसा का सामना करना पड़ता है।

(द) शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूर्व की भांति प्राप्त नहीं होता है।

(ह) सामाजिक पूंजी एवं अस्मिता का छरण होता है।

(ज्ञ) उच्च स्तर का गर्भधारण एवं यौन शोषण का सामना करना पड़ता है।

3. **अस्मिता आधारित बहिष्करण-** 'इस प्रकार का बहिष्करण सामाजिक, नश्लिय एवं सांस्कृतिक विभेदों के आधार पर अलगाव की प्रक्रिया का देन होता है। ऐसा बहिष्करण अत्यंत तीक्ष्ण तथा व्यवस्थित प्रकार का होता है (फ्रेजर & होनेथ, 2003)'। [8] यह कभी समाज एवं कभी राज्य की सहमति से लक्षित समूह पर आरोपित किया जाता है। धर्म आधारित राज्य तो अल्पसंख्यक संस्कृतियों को समूल नष्ट करने पर आमादा रहते हैं। हर प्रकार का दक्षिणपंथी कट्टरपंथ अन्य सांस्कृतिक समूहों के साथ भेदभाव की भावना के साथ कार्य करता है। श्रम बाजार में भी किसी विशेष नश्ल, जाति अथवा धर्म के लोगों के उच्च पदों पर काबिज होने पर ऐसी नीतियों का निर्माण होता है जिससे अन्य बहिष्करण का अनुभव करते हैं। धर्म, परंपरा एवं संस्कृति के नाम पर भी कुछ समुदायों को बहिष्करण का सामना करना पड़ता है। भारतीय समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था इसका प्रमुख उदाहरण है। महिलाओं को भी धर्म, संस्कृति, परंपरा एवं मूल्यों के नाम पर बहिष्करण के विभत्स रूप को सहना पड़ता है। हाल तक विद्यमान रही सती प्रथा, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, विधवा विवाह का न होना आदि इसके प्रमुख उदाहरण हैं। भारत में भूमिपुत्र, बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक, मैदानी-पहाड़ी, जातीय-नश्लिय तथा स्थानीय एवं बाहरी पहचान के आधार पर भेदभाव तथा संघर्ष होता रहता है।

4. **लैंगिक बहिष्करण-** लिंग के आधार पर बहिरवेशन कोई नया नहीं है। यह सम्पूर्ण विश्व में कमोबेस अंतरों के साथ विद्यमान है। महिलाओं को धर्म, संस्कृति, परंपरा, मूल्य, शारीरिक छमता आदि के आधार पर सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी से रोका जाता रहा है। 'यूनानी सभ्यता से लेकर भारतीय सभ्यता तक में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी भी नगण्य रही है। आधुनिक समय में महिलाओं को सार्वभौमिक मताधिकार पचास के दशक और उसके आसपास प्राप्त हुआ है। इसी से स्पष्ट है कि महिलाओं

को एक नागरिक के सभी अधिकारों से वंचित रखा गया है (श्रीवास्तव, 2023)'[9]। "औरत का कोई देश नहीं" जैसे साहित्य इस बात को प्रमाणित करते हैं। भारतीय समाज में महिलाओं को एक साथ विभिन्न प्रकार के वंचनाओं व वर्जनाओं को सहना पड़ता है। कभी जाती के आधार पर, कभी त्वचा के रंग के आधार पर, कभी आर्थिक असमानता के आधार पर और कभी स्वयं महिला होने के नाम पर। कभी कभी ये सारे भेदभाव एकसाथ लागू हो जाते हैं। सार्वजनिक उद्यमों में महिलाओं की भागीदारी नगण्य है। इसका कारण उच्च पदों पर काबिज पुरूष समाज है जो अपने हितों के अनुरूप नियम बनाता है। जिसके कारण महिलाओं को उन्हीं नियमों के दायरे में काम करते हुए भेदभाव का सामना करना पड़ता है। अतः औरत को समानता उसके जैविक विभेदों को स्वीकार करते हुए देनी होगी मातृ अवकाश, चाइल्ड केयर, समान कार्य के लिए समान वेतन जैसे मुद्दे ऐसे बहिष्करण को दूर करने में उपयोगी सिद्ध होंगे। महिलाओं की पुरुषों की तुलना में साक्षरता दर में कमी, खराब स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण मातृ मृत्यु, सामाजिक कुरीतियां, देह व्यापार आदि बहिष्करण के प्रकार हैं।

5. **नश्ल आधारित बहिष्करण-** सम्पूर्ण विश्व भर में नश्लिय भेदभाव किसी न किसी रूप में अवश्य विद्यमान है। हाल ही में 25 मई, 2020 को अमेरिका में एक स्वेत पुलिसकर्मी डेरेक चाउविन के द्वारा अस्वेत नागरिक जॉर्ज फ्लायोड का गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। जिसके कारण अमेरिका में "आई कान्ट ब्रीथ" और "ब्लैक लाइव्स मैटर" जैसा आंदोलन चला। भारत में भी पुरवोत्तर के नागरिकों को आए दिन हिंसा एवं चिंकी, नेपाली, चीनी जैसे उद्बोधनों से दो चार होना पड़ता है। इस प्रकार का नश्लिय बहिष्करण असमानता एवं गरीबी को जन्म देता है। इंग्लैंड जैसे देश में भी स्वेत और अश्वेत के मध्य संघर्ष एवं दंगे भेदभाव के ही परिणाम हैं। कोविड-19 वायरस के फैलने के कारण यूरोप व अमेरिका में चीनी लोगों के साथ भेदभाव नश्लिय बहिष्करण का ही उदाहरण है। लैटिन अमेरिका भी एफ्रो-लैटिन और मूलनिवासीय संघर्षों से दो चार होता रहता है।
6. **धर्म आधारित बहिष्करण-** धर्म आधारित बहिर्वेशन अत्यंत घातक सिद्ध होता है। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन आदि धर्मनिरपेक्ष देशों में सांस्थानिक स्तर पर धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता। परंतु सामाजिक संरचनाओं के माध्यम से बहुसंख्यक समाज द्वारा अल्पसंख्यकों को विभिन्न प्रकार से दबाया जाता है। जिसकी परिणति कालांतर में दंगे एवं हिंसा के रूप में होती है। धर्म राज्यों जैसे; इस्लामिक देशों में अन्य मतावलंबियों को भारी असमानता का सामना करना पड़ता है।

धर्म आधारित बहिष्करण मुख्यतः तीन प्रकार से आता है। पहला, उपासना अथवा धार्मिक व्यवहार के अधिकार के प्रोयग पर रोक अथवा बहुसंख्यकों के समकक्ष या लगभग समकक्ष अधिकारों के प्रयोग से वंचित करना। दूसरा, कानूनी, राजनीतिक तथा आर्थिक अधिकारों के समान प्रयोग से किसी विशेष धर्म के लोगों को वंचित करना। तीसरा, किसी धर्म विशेष के भीतर ही किन्ही समुदाय विशेष के लोगों को धार्मिक कृत्यों अथवा धार्मिक स्थलों में प्रवेश से वंचित करना। जैसे भारतीय हिन्दू धर्म मे किन्ही विशेष जातीय समुदायों को मंदिरों में प्रवेश से वंचित करना। अथवा महिलाओं को कुछ विशेष पूजा स्थलों पर प्रवेश से

रोकना तथा उनके मासिक धर्म को अपवित्र बताकर उंन्हे धार्मिक कर्मों से वंचित करना अथवा उंन्हे देवदासी जैसी कुप्रथा का शिकार बनाना।

7. **शारीरिक अक्षमता -** शारीरिक रूप से विकलांग लोग सामान्य लोगों की तुलना में प्रायः रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक सेवाओं का लाभ उठा पाने में अक्षम होते हैं। उनके समावेशन में उनकी शारीरिक अक्षमता बहुत प्रकार से बाधाएं उत्तपन्न करती है जैसे; बहूत सारे भवनों में न जा पाना, यातायात सुविधाओं का लाभ सामान्य जनों की भांति न उठा पाना। कुछ बाधाएं सांस्थानिक होती हैं जैसे; कानून निर्माण के समय उन्हें नजरअंदाज किया जाना। कुछ भेदभाव समाज में मानव व्यवहार से संबंधित होते हैं जैसे; शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को कलंक के रूप में देखना अथवा उनके प्रति पूर्वाग्रह रखना। सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों के किसी भी भाग में विकलांगता को स्थान नहीं दिया गया है। ऐसा तब है जब सम्पूर्ण विश्व भर में लगभग 1 बिलियन से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार के शारीरिक अपंगता के शिकार हैं।
8. **बृद्धावस्था एवं बीमारीजन्य बहिष्करण** - अन्य बहिष्करणों की भांति बृद्ध जनों को भी विभिन्न प्रकार के बहिर्वेशन का सामना करना पड़ता है। इन्हें अलगाव, आवश्यक उपभोग सामग्री की अनुपलब्धता, शारिरिक दौर्बल्य आदि भेदभावपूर्ण व्यवहारों का सामना करना पड़ता है। औद्योगिक क्षेत्रों में नित नई प्रयोग होती तकनीकी के प्रयोग के योग्य इन्हें नहीं समझा जाता है। जिसके कारण इन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। इन्हें वृद्धाश्रमों में भेजकर पारिवारिक सुख से वंचित किया जाता है जो अंततः एंजाइटी एवं मानसिक व्याधि के रूप में सामने आता है। वृद्धावस्था से समन्धित पूर्वाग्रहों के कारण पारिवारिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के निर्णय निर्माण समन्धित मामलों में इनकी भूमिका सीमित हो जाती है। स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी इनकी आयु के कारण भेदभाव किया जाता है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि विश्व के सम्पूर्ण गरीबों में वृद्धों का अनुपात तेजी से बढ़ रहा है।

हमारे समाज में बहुतेरे ऐसे लोग भी हैं जो लाइलाज अथवा भयंकर बीमारी का सामना करते हैं। लोगों के बीच उनके बारे में विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रह व्याप्त होते हैं। इन पूर्वाग्रहों के कारण ऐसे लोगों को सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में भागीदारी से वंचना का सामना करना पड़ता है। जैसे कुष्ठ रोगियों के साथ अनुचित व्यवहार का किया जाना। इस संबंध में सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण एचआईवी/एड्स संक्रमितों के साथ सम्पूर्ण विश्व भर में होने वाला भेदभाव है। लोगों के बीच ऐसी धारणा का होना की एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ बैठने, खाने अथवा छूने से एड्स फैल सकता है, इन्हें सामाजिक रूप से बहिस्कृत कर देता है। वर्तमान में कोविड-19 के मरीजों के साथ भी सौतेला व्यवहार प्रारम्भ हो गया है। ऐसे मरीजों के ठीक होने के बाद भी लोग उनसे दूरी बना रहे हैं। अतः स्पष्ट है कि ऐसे सामाजिक बहिष्करण महामारी अथवा बड़ी बीमारी से पीड़ित लोगों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर कर देते हैं।

9. **भौगोलिक स्थित जन्य बहिष्करण-** 'स्थानीय अवस्था के कारण बहिष्करण के मुख्यतः पांच रूप हैं। प्रथम; शहरी एवं ग्रामीण स्थिति के कारण सुविधाओं की उपलब्धता में सांस्थानिक स्तर पर भेदभाव तथा

द्वितीय; भौगोलिक स्थिति के कारण क्षेत्र आधारित बहिर्वेशन। जैसे पहाड़ी एवं मैदानी भागों की भौगोलिक अवस्था के कारण भेदभाव। तृतीय; किसी औद्योगिक, सांस्कृतिक, सांस्थानिक अथवा धार्मिक केंद्रों से दूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों द्वारा इनमें भागीदारी से वंचित अथवा लगभग वंचित होना। चतुर्थ; ऐसे स्थान जिन्हें शहर से दूरी अथवा उनके स्थानीय परिवेश जैसे, नशे एवं देह व्यापार, आपराधिक प्रवृत्ति, गंदगी अथवा हिंसा के कारण अलग- थलग रखा जाता है। ऐसे बहिर्वेशन के कारण ही झुग्गियों का निर्माण होता है। पंचम; ऐसे धार्मिक अथवा नश्लिय अल्पसंख्यकों की बस्तियों का बसना जो भेदभाव के शिकार रहे हों। ऐसे स्थान प्रत्यक्ष तथा सर्वत्र हिंसा के केंद्र बनते रहते हैं। विस्थापितों की बस्तियां भी आए दिन हिंसा एवं अलगाव का सामना करती रहती हैं (सर्नेिया, 1997)'।[10]

अतः स्पष्ट है कि स्थानीय अथवा भौगोलिक स्थिति के कारण बहिष्करण का सामना कर रहे लोग सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक लाभों से वंचित रह जाते हैं। ऐसी अवस्था में जीवन यापन कर रहे समुदाय प्रायः भेदभावपूर्ण जीवन को अंगीकार कर चुके होते हैं। उंन्हे नवीन तकनीकी, मानवाधिकार, मानव कल्याण के लिए आवश्यक न्यूनतम उपभोग के संसाधनों से भी वंचित रखा जाता है। यह सभी कार्य नीति नियंताओं की गलत नीतियों एवं जवाबदेही तथा जिम्मेदारी के अभाव के कारण होता है। इस प्रकार से बहिस्कृत लोगों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों अथवा झुग्गी बस्तियों में कंसन्ट्रेट कर दिया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के द्वारा लगभग 50 देशों में ऐसे बहिष्करणों का सामना कर रहे लोगों की स्थिति जानने संबंधी एक प्रोजेक्ट के अनुसार शहरी एवं ग्रामीण परिवेश के बीच सुविधाओं के उपभोग में भारी अंतर है। यही स्थिति भौगोलिक रूप से दूरवर्ती क्षेत्रों के साथ भी है। मैदानी भागों एवं तटीय भागों में उद्योगों के विकास ने अन्य क्षेत्रों के लोगों को अपने मूल निवास से पलायन के लिए बाध्य किया है।

10. **दीर्घकालिक बेरोजगारी जनित बहिष्करण-** 'सामाजिक बहिर्वेशन का यह पहलू अपने आप में व्यापक मात्रा में बहिर्वेशन की विभिन्न प्रक्रियाओं को जन्म देता है। न केवल एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका बल्कि ऑस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय देशों में भी यह अत्यंत विकराल रूप में विद्यमान है (थोराट, 2007)'।[11] इटली, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन आदि देशों में कुल वर्क फोर्स का लगभग 10 से 12% हिस्सा बेरोजगार है। इस सतत बेरोजगारी के कुछ प्रमुख प्रभाव निम्नलिखित हैं जो सामाजिक बहिष्कार के इस रूप एवं इसके अन्योन्य संबंधों को समझने में सहायक होंगे –

**(a)** सतत बेरोजगारी के कारण उत्पादन शक्ति का बहुत बड़ा हिस्सा बेकार हो जाता है तथा राष्ट्र की निर्यात क्षमता भी घटती है।

**(b)** बहुत दिनों तक रोजगार न मिलने के कारण लोग अपने हुनर को भूलने लगते हैं। जिसके कारण उनका स्वयं पर से विश्वास कमजोर होने लगता है तथा आत्म नियंत्रण की कमी दृष्टिगोचर होने लगती है।

**(c)** बेरोजगारी जनित गरीबी के कारण लोग अपनी स्वतंत्रता का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते हैं। अपने अंदर आत्मविश्वास की कमी के कारण बेरोजगार अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाते हैं तथा सार्वजनिक गतिविधियों में भाग लेना इनके लिए समस्या जनक हो जाता है।

**(d)** सतत बेरोजगारी के कारण मानसिक व्याधियां भी उत्पन्न होना शुरू हो जाती हैं। चिंता एवं मानसिक कष्टों के कारण ऐसे बहिष्करण के शिकार लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति जन्म लेती है। उनका आत्मविश्वास खत्म होता है तथा नैतिक पतन भी प्रारंभ हो जाता है।

**(e)** बेरोजगारी जनित बहिष्करण के कारण लोगों में ऐसी भावना जन्म लेती है जिससे लोग सामाजिक ढांचे को ही संपूर्ण दोषों का कारण मान लेते हैं। परिणाम स्वरूप सामाजिक संबंध ढीले पड़ने लगते हैं। इसके शिकार लोग खराब स्वास्थ्य का भी सामना करते हैं।

**(f)** इसके कारण भुक्तभोगी व्यक्ति का पारिवारिक जीवन प्रभावित होता है। आत्म संयम एवं आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णयन क्षमता समाप्त होने लगती है।

**(g)** सतत बेरोजगारी नस्लीय हिंसा को भी जन्म देती है। इसके भुक्तभोगी बहुधा प्रवासी एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोग ही होते हैं। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया एवं यूरोप आदि देशों में काम कर रहे प्रवासियों को सतत बेरोजगारी के प्रभाव के कारण स्थानीय लोगों के हिंसा का सामना करना पड़ता है तथा समय-समय पर वहां की सरकारों द्वारा भी वीजा नियमों को कड़ा कर कई प्रतिबंध आरोपित किए जाते हैं।

**(h)** ऐसे बहिर्वेशन का प्रभाव महिलाओं पर सर्वाधिक पड़ता है। क्योंकि इनकी पहले से ही सार्वजनिक क्षेत्रों में भागीदारी कम है। ऐसे में महिलाओं को बहुत सारे सामाजिक एवं आर्थिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

**(i)** सतत बेरोजगारी के कारण सामाजिक मूल्य कमजोर होते हैं।

**(j)** भारत जैसे देश में जाति जनित सतत बेरोजगारी गरीबी एवं हिंसा दोनों को एक साथ जन्म देती है।

11. **लैंगिक झुकाव और सामाजिक बहिष्करण-** 'दुनिया के लगभग सभी देशों में समलैंगिकता को अपराध की दृष्टि से देखा जाता है। लैसबियन, गे, बाईसेक्युल एवं ट्रांसजेंडर के साथ समाज में भेदभाव व्यापक मात्रा में विद्यमान है। इन्हें आज भी समाज में कलंक की दृष्टि से देखा जाता है। परिणाम स्वरूप ऐसे लोग न केवल सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से बल्कि आर्थिक गतिविधियों से भी लगभग लगभग पूर्णरूपेण बहिष्कृत हो जाते हैं (टेलर, 1994)'।[12] परंतु वर्तमान समय में तमाम स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा इनके समस्याओं को उठाया जा रहा है। बहुत सारे देशों में समलैंगिकता के लिए कानून भी बनाए जा चुके हैं।

**निष्कर्ष-**

उपर्युक्त विवरणों से यह स्पष्ट है कि 'सामाजिक बहिष्करण एक ऐसी प्रक्रिया को जन्म देता है जिसमें व्यक्ति, समुदाय, अथवा समाज का कोई हिस्सा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों में पूर्ण अथवा आंशिक रूप से भागीदारी करने से वंचित रह जाता है। यह बहिष्करण धर्म, भाषा, शारीरिक अक्षमता, आयु, सरकारी नीतियों, आर्थिक नीतियों आदि के माध्यम से व्यक्ति एवं समाज को प्रभावित करता है'। विश्व के लगभग सभी देशों का सामाजिक एवं सांस्कृतिक ताना-बाना अलग-अलग है। परिणाम स्वरूप हर

देश में सामाजिक बहिष्करणों का रूप भी अलग-अलग है। परंतु बहुत सारे मुद्दों पर इसका एकीकृत रूप भी देखने को मिलता है। विश्व भर में लगभग सभी देशों में सामाजिक बहिष्कार के इस पहलू को ध्यान में रखकर नीतियों का निर्माण किया जा रहा है। परंतु सामाजिक बहिर्वेशन का यह ताना-बाना इतना मजबूत है कि यहां एक की हानि दूसरे के लाभ में परिवर्तित हो जाती है। अतः नीति नियंताओं एवं समाज के संचालकों को यह ध्यान रखना होगा कि पूंजीपतियों, मध्यम वर्ग तथा गरीब के बीच की खाई न्यूनतम की जाए।

**संदर्भ**


1. Daly, Mary, & Silver, Hilary. (2008). *Social exclusion and social capital: A comparison and critique*. Springer.
पलासी और बक्सर की लड़ाई में हार के बाद मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय ने अंग्रेजों के साथ 1765 में इलाहाबाद की संधि की और बिहार, बंगाल और ओडिसा का दीवानी अधिकार ईस्ट इंडिया कंपनी को दे दिया इस संधि का झारखण्ड पर गंभीर प्रभाव पड़ा। बंगाल के नबाब और सामंतों से अलग झारखण्ड के सामंत काफी स्वतंत्र थे और उनकी अपनी सेना थी और अपना न्याय व्यवस्था था। वो अपनी इच्छा और मर्जी से मुगल बादशाह को लगान देते थे। जब कंपनी के हाथों में दीवानी अधिकार आ गया तब उन्होंने 1767 से अपनी सेना की मदद से लगान वसूलना शुरू कर दिया। ईस्ट इंडिया की स्थायी बंदोबस्त व्यवस्था ने अधिक से अधिक भूमि को कृषि कार्य के लिये इस्तेमाल करने का प्रयास शुरू हुआ जिसके लिए झारखंड के जंगलों को साफ़ और समतल कर कृषि योग्य बनाना आवश्यक था। वर्तमान झारखंड के संताल परगना में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने जमींदारों की मदद से यह प्रयास किया कि यहाँ रहने वाले पहाड़ियों को पहाड़ से नीचे लाकर उन्हें खेती के लिये प्रेरित किया जाये लेकिन पहाड़िया जनजाति में इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई। संतालों का अतीत मातृभूमि की खोज में भटकने की कथा है। उनकी पारंपरिक किंवदंतियाँ और गीत उनके एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास की कहानी कहते हैं। एक स्थायी घर की लंबी खोज उन्हें अंततः उनके वर्तमान निवास, संताल परगना तक पहुंचाती है। आदिवासियों में संताल जनजाति कृषि कार्य में काफ़ी कुशल मानी जाती है। ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने जमींदारों के मदद से उन्हें वर्तमान संताल परगना में नियोजित तरीके से बसाने की योजना बनाई संतालों ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया और यहाँ के जमीन को कृषि योग्य बना दिया। आहिस्ता-आहिस्ता इस क्षेत्र में संतालों की जनसंख्या और उनके भू-भाग बढ़ने लगे और वे इस भूमि पर कृषकों के रूप में बसने लगे। ईस्ट इंडिया कंपनी ने संतालों के रह रहे क्षेत्र को दामिन-ए-कोह के रूप में चिन्हित कर दिया। दामिन-ए-कोह में संतालों के गाँव और उनकी जनसंख्या तेजी से बढ़ने लगी, और 1838 में 40 गाँव और 3000 की जनसंख्या से 1851 में उनके गाँव कि संख्या 1473 और जनसंख्या 82000 हो गई। प्रारंभिक समय से उनसे कोई लगान नहीं लिया जाता था और वे ईस्ट इंडिया कंपनी और जमींदारों के समर्थक थे।

**हुल के कारण:-**

**आर्थिक कारण :-**

जल्द ही संतालों को ईस्ट इंडिया कंपनी और उनके जमींदारों के शोषण का शिकार होना पड़ गया। लगान की रकम 1838 में 2000 रु. थे, जो 1851 में बढ़कर 45000 रु. हो गये इसके अलावा लगान वसूलने वाले संतालों से अपनी अतिरिक्त आमदनी के लिए अलग से वसूली करते थे जिससे उनपर दोहरा बोझ पड़ने लगा। अंग्रेजी हुकूमत द्वारा लगातार बढ़ती लगान वसूली संतालों के बीच असंतोष का प्रमुख कारण बना, वीर भारत तलवार लिखते हैं कि "ब्रिटिश प्रशासन की दिलचस्पी संतालों से सिर्फ लगान वसूलने में थी। हालाँकि ईस्ट इंडिया कंपनी एक व्यापारिक कंपनी थी लेकिन उसके आय का मुख्य स्रोत लगान था इतना लगान वसूलने के बाद भी कंपनी का प्रशासन, पुलिस और कानून सूदखोर, महाजनों और जमींदारों के विरुद्ध संरक्षण प्रदान करता था। वास्तव में कंपनी सारे शोषण तंत्र का नेतृत्व करती थी।"

संताल परगना में बसने के बाद संताल औपनिवेशिक शोषण में फँसते चले गए। संतालों ने जंगलों को काटकर कृषि योग्य जमीन तैयार की। जल्द ही पश्चिम बंगाल के बर्दवान और बीरभूम के आस-पास के क्षेत्रों और बिहार के आरा, छपरा, बेतिया और शाहाबाद जिलों के व्यापारी और महाजन (साहूकार) भी इस क्षेत्र में आकर बसने लगे। ये महाजन और व्यापारी संतालों से उनकी उपज खरीदते और उन्हें कलकत्ते में बेचते। बदले में संतालों को पैसे, नमक, तंबाकू और कपड़े के रूप में भुगतान किया जाता था। इस व्यावसायिक लेन-देन के दौरान भोले-भाले संताल महाजनों और व्यापारियों के छल-कपट और चालाकी से रूबरू हुए। संतालों को जो पैसा दिया जाता था या बदले में जो सामान भी दिया जाता था, वह उनसे खरीदी गई वास्तविक उपज से बहुत कम हुआ करता था। महाजनों और व्यापारियों ने तराजू के दो अलग-अलग सेटों के उपयोग के माध्यम से संतालों को धोखा दिया केनाराम या बड़ा बाट वह पैमाना था जिसका वजन वास्तविक माप से थोड़ा अधिक होता था और इसका उपयोग उन फसलों को तौलने के लिए किया जाता था जो वे वहां से खरीदते थे। देनाराम या छोटा बाट वह पैमाना था जिसका वजन वास्तविक माप से कम होता था और इसका इस्तेमाल संतालों को बेची या उधार दी गई वस्तुओं को तौलने के लिए किया जाता था। इस तरह संतालों को छला गया और महाजनों और व्यापारियों ने अपार धन इकट्ठा किया। महाजन संतालों को कुछ रुपये भी उधार दिया करते थे और फसल के मौसम के दौरान वे उधार दिए गए धन या वस्तु को एकत्र करते थे। यह भी पूरी चालबाजी के साथ किया जाता था। विद्रोह का व्यापक अध्ययन करने वाले पहले और एकमात्र इतिहासकार, कलिकिंकर दत्ता (1940) बताते हैं।

"उन्होंने (व्यापारी और महाजन) रास्ते में एक पत्थर उठाया और अपने वजन की शुद्धता दिखाने के लिए इसे सिंदूर से रंग दिया, अपने देनदारों के खेतों में पहुंचे, जिन्हें तब अपने लेनदारों की पार्टियों के आने-जाने के खर्चों को भी चुकाना होता था। उक्त पत्थर के टुकड़े की मदद से वजन करके, महाजनों ने अपने देनदारों से उनकी भूमि की लगभग पूरी उपज को ले लिया, फिर भी उन्हें कर्ज के बोझ से दबा दिया।"

अपने लेनदारों के टेंढ़े-मेढ़े तरीकों से अनभिज्ञ, सरल दिमाग वाले संताल जाल में फंसते गये, कर्ज की लेन-देन और ब्याज की दरों का लिखित रिकॉर्ड रखना जरूरी है, ऐसा संताल जानते भी नहीं थे। जब महाजन अत्यधिक मांगों के साथ पहुंचते तो संतालों के पास उत्तर नहीं होता था। संताल भुगतान करने में हमेशा नाकाम होते और इस प्रकार पूरी फसल, मवेशी, बर्तन और यहां तक कि महिलाओं के लोहे के गहने भी छीन लिए जाते। संतालों को देनदार के बंधुआ मजदूर के रूप में कार्य करने के लिए मजबूर होना होता और यह पीढ़ियों तक जारी रहता। इस व्यवस्था को 'कमियोती' के नाम से जाना जाता था। उत्पीड़ित संतालों को पुलिस अधिकारियों से कभी कोई राहत नहीं मिली क्योंकि वे व्यापारियों और महाजनों के साथ होते। संतालों के लिए न्यायपालिका और अदालतें बहुत दूर थी। मजिस्ट्रेट भागलपुर में बैठते थे और केवल एक ही स्थानीय मजिस्ट्रेट था जिसे देवघर में रखा गया था, जो कि 70 किलोमीटर से अधिक दूर था एक ऐसा फासला जो उन दिनों के पिछडे संचार व्यवस्था में अनजान परदेस सा था। डब्ल्यू डब्ल्यू हंटर (1868) नामक एक ब्रिटिश प्रशासक लिखते हैं।

"समाधान का सवाल ही नहीं था अदालत शायद सौ मील दूर सिविल स्टेशन में बैठी थी। राजस्व के संग्रह में तल्लीन अंग्रेज न्यायाधीश के पास अपने लोगों की छोटी-छोटी शिकायतों के लिए समय नहीं था। देशी मातहतों ने, सभी ने, उत्पीड़क से अपनी तनख्वाह ली थी, पुलिस ने लूट में हिस्सा लिया था। संतालों ने कहा, 'ईश्वर महान है, लेकिन वह बहुत दूर है।"

इस प्रकार, औपनिवेशिक शासन के तहत संताल आजीविका के संकट से गुजर रहे थे। जीवित रहने के अपने पारंपरिक साधनों से वंचित उनमें से कई को रेलवे निर्माण स्थलों में मजदूरों के रूप में काम करना पड़ा, जहां यूरोपीय लोगों द्वारा संताल महिलाओं और बच्चों का जबरन अपहरण कर लिया जाता, जिससे संतालों की परेशानी बढ़ गई।

**धार्मिक कारणः-**

इन आर्थिक कारणों के अलावे हुल के पीछे धार्मिक कारण भी थे। 1813 के चार्टर एक्ट द्वारा ईसाई मिशनरियों को भारत में ईसाई धर्म के प्रचार प्रशार की इजाजत दी। ये ईसाई मिशन भारत के अन्य हिस्से के अलावा संतालों की बस्तियों में भी प्रवेश करने लगे और हाट में जाकर ईसाई धर्म का प्रचार करने लगे। संताल जनजाति बहुत ही सरल स्वाभाव की जनजाति मानी जाती है। इन्हें अपने परंपरा और धार्मिक विश्वासों पर गहरी आस्था होती है, उन्हें ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों से अपनी आस्था और विश्वास पर खतरा महसूस होने लगा और अंदर ही अंदर वे इससे नाराज होने लगे। संताल परगना के इतिहासकार डी सुरेंद्र झा के अनुसार "धर्मांतरण करने वालों को संताल परिवार से अलग कर देते थे। इससे स्पष्ट होता है की संताल ईसाई मिशनरियों के क्रियाकलापों को अपनी संस्कृति और पहचान के लिए खतरा समझते थे।"

**समाजिक कारणः-**

संताल हुल के पीछे उनके सामाजिक व्यवस्था पर अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे प्रहार भी थे। अंग्रेजों ने उनकी पारंपरिक माँझी व्यवस्था और परगनैत पंचायत व्यवस्था के स्थान पर अंग्रेजी कानून थोप दिये। इनके नष्ट होने से संतालों को अपने गाँव में जो खुद निर्णय लेने की स्थिति थी, वो समाप्त हो गई. इससे उनके सामाजिक और राजनीतिक हैसियत में हास होना शुरू हो गया।

**अंग्रेजी कानून और शोषणकारी नीतिः-**

अंग्रेजों ने दामिन-ए-कोह में संतालों को बसाने के बाद धीरे-धीरे अपनी प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्था लागू की। इसमें जमीन के स्वामित्व, कर संग्रह, और व्यक्तिगत संपत्ति के अधिकार जैसे नए सिद्धांत पेश किए गए, जो संतालों की सामुदायिक जीवनशैली से बिल्कुल अलग थे। अंग्रेजों ने महाजनों और जमींदारों को कर-संग्रह का जिम्मा सौंपा, जिससे संतालों का आर्थिक शोषण शुरू हुआ। अंग्रे संतालों का परंपरागत शासन सामुदायिक और जनजातीय व्यवस्था पर आधारित था, जिसमें ग्राम सभाएं और स्थानीय नेता (जैसे माझी या परगनैत) महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। वह व्यवस्था मौखिक परंपराओं, सामूहिक निर्णयों और

प्राकृतिक संसाधनों के संयुक्त उपयोग पर टिकी थी। अंग्रेजी कानून और शोषणकारी नीतियों भी हुल का एक प्रमुख कारण बना।

ब्रिटिश काल में रेलवे का विस्तार भारत में औपनिवेशिक शासन की आर्थिक नीतियों का एक प्रमुख हिस्सा था। पहली रेलवे लाइन 1853 में शुरू हुई, और इसके बाद पूर्वी भारत, जिसमें संताल क्षेत्र शामिल थे, में रेल नेटवर्क का तेजी से बिस्तार हुआ। रेलवे निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर श्रमिकों की जरूरत थी, और इसमें स्थानीय आदिवासी समुदायों, जैसे संताल, को जबरन या कम मजदूरी पर काम करने के लिए मजबूर किया गया। संताल हुल से ठीक पहले और उसके दौरान, ब्रिटिश प्रशासन ने संताल क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने और संसाधनों का दोहन करने के लिए बुनियादी ढांचे, जैसे रेलवे, पर ध्यान देना शुरू किया था। संताल समाज में महिलाएँ पारंपरिक रूप से खेती, जंगल से संसाधन जुटाने, और घरेलू कार्यों में सक्रिय रही हैं। रेलवे निर्माण जैसे बड़े पैमाने के औपनिवेशिक प्रोजेक्ट्स में संताल पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी श्रमिक के रूप में शामिल किया गया। इन कार्यों में महिलाओं को कई तरह के शोषण का सामना करना पड़ा भारी श्रम के बावजूद, उन्हें पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता था। निर्माण स्थलों पर ब्रिटिश अधिकारियों, ठेकेदारों, और बाहरी मजदूरों द्वारा संताल महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार की घटनाएँ असामान्य नहीं थीं। औपनिवेशिक शासन में आदिवासी महिलाओं को अक्सर कमजोर और उपलब्ध माना जाता था, जिसके चलते उनके साथ हिंसा और शोषणकारी घटनाएँ प्रत्यक्ष रूप से हुल का कारण नहीं बनी लेकिन इस तरह की घटनायें अंग्रेजी शासन के खिलाफ अंदर ही अंदर आक्रोश पैदा करती रही।

इन सब कारणों के बीच एक मामूली घटना ने असंतोष की चिंगारी को हवा दे दी. जून 1855 के महीने में एक चोरी की घटना में कई संतालों को पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया और उनकी जम कर पिटाई की गई। गुस्साए संतालों के भीड़ ने उस पुलिस इंस्पेक्टर को मार दिया और यही से हुल की शुरुआत हो गई।

30 जून 1855 को सिदो कान्हू भाइयों के नेतृत्व में करीब 6000 संताल भोगनाडीह में एकत्र हुए. सिद्धो ने उन्हें बताया की उनके देवता सिंहबोंगा उनके स्वप्न में आये थे और उन्हें दामिन ए कोह में अबुआ राज की स्थापना के लिए आदेश दिया है। इस अबुआ राज की स्थापना के लिए संतालों ने विद्रोह कर दिया और ब्रिटिश प्रशासन और पुलिस के अलावा महाजनों और साहूकारों को लूटना और उनकी हत्या करनी शुरू कर दी। देखते देखते यह विद्रोह दामिन-ए-कोह से निकल कर धनबाद, भागलपुर, सिंहभूम और वीरभूम तक पहुँच गया और विद्रोहियों के संख्या 6000 से 60000 तक पहुँच गई। अंग्रेजों ने इस विद्रोह को कुचलने के लिये मार्शल लॉ लगा दिया और फौज की सहायता से इस विद्रोह को कुचल दिया। सिदो कान्हू के अलावा करीब 15000 लोग शहीद हुए, और हजारों को गिरफ्तार कर लिया गया। 1855-56 का सवाल हुल आधुनिक भारत के इतिहास की एक ऐसी घटना है जिसने इस क्षेत्र की राजनीतिक प्रशासनिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया है। इस घटना ने ना सिर्फ ईस्ट इंडिया कम्पनी को प्रभावित किया बल्कि आने वाले समय में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आदोलन और स्वतंत्र भारत के बाद

की राजनीति को भी प्रभावित किया। आज भी संताल हुल वर्तमान झारखंड राज्य की राजनीतिक, प्रशासनिक कानूनी और आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है।

**हुल के परिणाम :-**

**संताल परगना का अभ्युदयः-**

1855 के अधिनियम XXXVII ने संताल परगना को जन्म दिया यह क्षेत्र 5470 वर्ग माइल का था जिसमें भागलपुर और बीरभूम जिले के हिस्से थे। दुमका को इसके प्रशासन का केंद्र बनाया गया। संताल परगना को नान रेग्युलेशन जिले का दर्जा दिया गया और यहाँ देश के प्रचलित सामान्य कानून थे जिन्हें संताल पसंद नहीं करते थे उससे उनको मुक्त रखा गया और संताल संस्कृति को देखते हुए एक नई व्यवस्था लागू की गई। पूरे संताल परगना जिले को चार सब डिविजन में बाँटा गया जिसका प्रभार अलग अलग डिप्टी कमीशनर को दिया गया। इन डिप्टी कमिश्नर की सहायता के लिए चार असिस्टेंट कमिनशर नियुक्त किए गए, 1856 के पुलिस अधिनियम में संशोधन कर गाँव के परम्परागत प्रधान को पुलिस की जिम्मेदारी सौंपी गई। 1872 में संताल परगना को स्थायी रूप से नानरेग्युलेशन जिले के रूप में मान्यता मिली। यह एक महत्वपूर्ण घटना थी जिसे संताल हुल के परिणाम के रूप में देखा गया।

**संताल परगना कास्तकारी अधिनियम 1876 :-**

दूसरा महत्वपूर्ण परिवर्तन जो हुल का परिणाम था वह संताल परगना काशतकारी अधिनियम 1876 का लागू होना था। अंग्रेजों ने 1876 में संताल परगना काश्तकारी अधिनियम पारित किया, जिसने आदिवासियों को शोषण के खिलाफ कुछ सुरक्षा प्रदान की। संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1876 बंगाल के साथ झारखंड की सीमा के साथ संताल परगना क्षेत्र में गैर-आदिवासियों को आदिवासी भूमि की बिक्री पर रोक लगाता है। स्वतंत्रता के बाद संताल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1949 झारखंड के संथाल परगना संभाग में काश्तकारी का पहला संहिताबद्ध कानून बना और इसके अधिनियमित होने पर, इसने मौजूदा ब्रिटिश-युग के किरायेदारी कानूनों को पूरक बनाया और भूमि से संबंधित कुछ प्रथागत कानूनों को संहिताबद्ध किया गया।

**बंधुआ मजदूरी की समाप्ति-**

तीसरी सबसे महत्वपूर्ण परिणाम हुल का यह था कि बंधुआ मजदूरी की प्रथा को 1860 में डिप्टी कमिश्नर विलियम रबिंसन द्वारा समाप्त कर दिया गया। यह प्रथा संतालों को मामूली रकम के लिए महाजनों और जमींदारों का पीढ़ी दर पीढ़ी गुलाम बना देती थी। नापतौल के बटखहरे में भी सुधार कर संतालों को ठगी से बचाने के उपाय किए गए।

संताल हुल से संतालों को कोई आर्थिक लाभ नहीं हुआ जिसके लिए वे लड़ रहे थे, इसके विपरीत उनकी आर्थिक हालात और बिगड़ गये तथा गरीबी और भुखमरी के जाल में फंस गए। अंग्रेजों ने काफी क्रूरता

से संताल हुल को कुचला था, उन्होंने गाँव के गाँव जला दिए थे और फसलों में आग लगा दी थी। संताल गाँव छोड़ कर जाने लगे और उनके मवेशी और अन्य सम्पत्ति पर दूसरों ने अधिकार जमा लिया। 1865-66 में आए आकाल ने इनकी स्थित्ति और गम्भीर कर दी। कंद मूल और कच्चे महुआ से वे अपना पेट भरते रहे। इस दरम्यान कोलेरा से हजारों संतालों की जान चली गई। एक बार फिर संताल महाजनो से कर्ज लेना शुरू कर दिये। कई सारे संताल वापस छोटनागपुर चले गये और कुछ गंगापार कर पूर्णिया जिले में चले गए, संतालों की एक खास प्रवृति उनका अपने जमीन से लगाव है और वे कुली या मजदूर के रूप में काम करना पसंद नहीं करते, लेकिन हुल से उत्पन्न हुई स्थिति ने उन्हें कुली के रूप में काम करने पर मजबूर कर दिया, गरीबी, भुखमरी और कर्ज के बोझ ने उन्हें खदानो और चाय बागानों में कार्य करने पर मजबूर कर दिया, एक आंकड़े के मुताबिक 1880 में 44.7% असम के चाय बगानो के मजदूर संताल परगना से थे। ये सारे तथ्य हुल के बाद संतालों के आर्थिक स्थिति को उजागर करते हैं। हुल विद्रोह के दमन के बाद संताल परगना में ब्रिटिश प्रशासन ने क्षेत्र को विशेष प्रशासनिक इकाई के रूप में संगठित किया और संताल परगना टेनेसी एक्ट (SPT Act) जैसे कानून लागू किए। इस दौरान संताल समुदाय आर्थिक शोषण, भूमि हड़पने और सामाजिक उत्पीड़न से जूझ रहा था। इन परिस्थितियों ने मिशनरियों के लिए एक अवसर प्रदान किया, क्योंकि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवाएँ और सामाजिक सुधार के नाम पर संतालों के बीच अपनी पैठ बनाने में सक्षम हुए।

ईसाई मिशनरी, विशेष रूप से प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक समूह जैसे मिशन और एप्लिकन चर्च, ने 19वीं सदी के उत्तरार्थ में संताल परगना में अपने कार्य शुरू किए। वे संतालों की गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक पिछड़ेपन का लाभ उठाकर उन्हें ईसाई धर्म की ओर आकर्षित करने का प्रयास करने लगे।

हुल के बाद संतालों में ब्रिटिश शासन और स्थानीय जमींदारों के प्रति असंतोष था। मिशनरियों ने इसे अवसर के रूप में देखा और संतालों को यह संदेश दिया कि ईसाई धर्म अपनाने से उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कई संताल परिवारों ने प्रलोभन (जैसे भोजन, कपड़े, और आर्थिक सहायता) या दबाव में ईसाई धर्म स्वीकार किया। हालांकि, धर्मांतरण की संख्या शुरू में सीमित थी, लेकिन 20वीं सदी तक यह धीर-धीरे बढ़ने लगी।

मिशनरियों के प्रभाव ने संतालों की पारंपरिक संस्कृति और प्रकृति-पूजा (जैसे मारांग बुरु और जाहेर एरा) पर असर डाला। ईसाई धर्म के प्रचार ने संतालों के बीच एक सांस्कृतिक टकराव को जन्म दिया। कुछ संतालों ने मिशनरियों का विरोध किया और अपनी पहचान को बनाए रखने के लिए "सरना धर्म" को मजबूत करने की कोशिश की। यह प्रतिरोध आज भी संताल परगना में देखा जा सकता है, जहाँ सरन आदोलन सक्रिय है।

ब्रिटिश शासन ने मिशनरियों को अप्रत्यक्ष समर्थन दिया, क्योंकि वे संतालों को "सभ्य" बनाने और विद्रोही भावनाओं को शांत करने में सहायक माने जाते थे। मिशनरियों ने संताल परगना में अंग्रेजी शिक्षा और ईसाई नैतिकता को बढ़ावा देकर औपनिवेशिक एजेंडे को मजबूत किया।

हुल की असफलता ने संतालों को अपने समस्याओं के समाधान के लिए नयी रणनीति को अपनाने के लिए प्रेरित किया, अब वो सशत्र विद्रोह के स्थान पर संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने का रास्ता अख्तियार करने लगे, 1861 हांडवे में बढ़े हुए लगान विरोधी आंदोलन में सुंदर माँझी के नेतृत्व में संतालों ने पहले अपना पेटिशन असिस्टेंट कमिश्नर को दिया और बाद में बंगाल के लेफिटिनेंट गवर्नर से मुलाकात कर बढ़े हुए लगान का मामला सुलझा लिया, भगीरथ मांझी के नेतृत्व में खैरवार आंदोलन वैधानिक तरीका अपनाते हुए अपने माँगों को रखता रहा। 1881 में लगभग 50000 संताल सफाहोड़ हो गए थे जो आगे चलकर भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का हिस्सा बने।

संताल हुल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि संतालों की पहचान और अपने संस्कृति से जुड़ कर रहने की उनकी प्रवृति को बल देने वाली बनी। जल, जंगल और जमीन से उनका लगाव पूरी दुनिया को पता चला और उनमें सामूहिक चेतना का मजबूती से विकास हुआ। अबुआ राज का उनका सपना आजादी के बाद झारखंड राज्य के निर्माण के रूप में सामने आया और शोषण से मुक्ति के लिए उनके आगे का मार्ग प्रशस्त हुआ। संताल हुल संताल पहचान की राजनीति का मूल आधार है। यह विद्रोह न केवल उनके ऐतिहासिक संघर्ष को दर्शाता है, बल्कि आधुनिक काल में उनकी सास्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक पहचान को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हुल की विरासत संतालों को यह याद दिलाती है कि उनकी पहचान केवल पीड़ित होने की नहीं, बल्कि प्रतिरोध और आत्मनिर्णय की है। आज भी संताल परगना और झारखंड में हुल का प्रभाव उनकी राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

**संदर्भ** :-

1. आर्चर, विलियम जॉर्ज. (1974). *द हिल ऑफ फ्लूट्स: लाइफ, लव एंड पोएट्री इन ट्राइबल इंडिया*. यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग प्रेस.

2. हंटर, विलियम विल्सन. (1868). द *एनल्स ऑफ रूरल बंगाल*. लेयपोल्ट एंड होल्ट.

3. बोडिंग, पॉल ओलाफ. (1925). *स्टडीज इन संताल मेडिसिन एंड कनेक्टेड फोक्लोर*. एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल. (1925-1940)

4. झा, जगदीश चंद्र. (1987). द *ट्राइबल रिबेलियन ऑफ 1855*. के. पी. बागची एंड कंपनी.

5. बोडिंग, पॉल ओलाफ. (2016). *ट्रेडिशन एंड इंस्टिट्यूशन्स ऑफ संथाल*. ज्ञान पब्लिशिंग हाउस.

6. सोरेन, धूनी. (2019). *हिस्ट्री ऑफ संथाल्स: ए ब्रीफ अकाउंट*. ड्रीम पब्लिकेशंस.

7. किस्कु, डी. बारका. (2017). द *संथाल्स एंड देयर एंसेस्टर्स. संथाली लिटरेरी एंड कल्चरल सोसाइटी*.

8. मुखर्जी, चारूलाल. (2017). द *संथाल्स*. ज्ञान पब्लिशिंग हाउस.

9. सोरेन, ई. जे. (2020). *ग्राम प्रधान का अधिकार एवं कर्त्तव्य*. धर्म प्रिंटिंग प्रेस.

10. चेतन, अच्युत एवं सिन्हा, अजय. (2022). *फ्रॉम रेसिस्टेंस टू रिवोल्यूशन: द हूल एंड इट्स लिगेसी*. श्री पब्लिशिंग एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स.

11. मजूमदार, नबेंदु दत्ता. (1956). द *संथाल: ए स्टडी इन कल्चर-चेंज*. जनरल एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया.

12. आर्चर, विलियम जॉर्ज. (2013). *ट्राइबल लॉ एंड जस्टिस*. ईशा बुक्स.

13. चौधुरी, अभय बुद्धेश्वर. (2013). *स्टेट फॉर्मेशन अमंग ट्राइबल्स: ए क्वेस्ट फॉर संथाल आइडेंटिटी*. ज्ञान पब्लिशिंग हाउस.

14. रायक्रॉफ्ट, डैनियल जेम्स एवं दासगुप्ता, संगीता. (2011). द *पॉलिटिक्स ऑफ बिलॉन्गिंग इन इंडिया: बिकमिंग आदिवासी*. रूटलेज.

15. मरीन, कैरिन. (प्रकाशन वर्ष अनुपलब्ध). *हेराल्ड टैम्ब्स एंड लीचे*. प्रकाशक अनुपलब्ध.

16. अय्यर, के. गोपाल. (2020). *ट्राइबल लैंड, फॉरेस्ट एंड आइडेंटिटी इश्यूज: ए स्टडी ऑफ झारखंड एंड ओडिशा*. कॉन्सेप्ट पब्लिशिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड.

# मूल्यांकन की बदलती संस्कृति का आकलन : एन. ई. पी. 2020 के संदर्भ में

**बाल मुकुन्द पाल***

**phdbmp@gmail.com**

**प्रो. (डॉ.) शिरीष पाल सिंह†**

**shireesh.singh@ciet.nic.in**

**सारांश**

शिक्षा में मूल्यांकन की विधियों का उद्देश्य यह पहचानना है कि छात्र शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति में सही ढंग से आगे बढ़ रहे हैं अथवा नहीं। इसीलिए मूल्यांकन विधियों के कार्यान्वयन के माध्यम से छात्रों की अधिगम की क्षमताओं और शैक्षणिक प्रदर्शन की पहचान और मूल्यांकन किया जाता है। जब शिक्षक मूल्यांकन विधियों को अभ्यास में लाते हैं, तो वे आम तौर पर छात्रों को ध्यान में रखकर खुद को अच्छे से तैयार करते हैं। छात्रों के अच्छा प्रदर्शन से वे अपनी भूमिका का सही मूल्यांकन कर पाते हैं। इसलिए शिक्षकों और छात्रों के लिए शिक्षा के सभी स्तरों पर नियमित आधार पर सतत मूल्यांकन को लागू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। शैक्षणिक संस्थानों के सभी स्तरों पर छात्रों को आश्वस्त होने के लिए योगात्मक से रचनात्मक की आवश्यकता है। उन्हें किसी भी तरह असुरक्षा महसूस नहीं करना चाहिए। खासकर तब, जब विभिन्न प्रकार की मूल्यांकन विधियों को व्यवहार में लाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत में 2020 में जो शिक्षा नीति बनी है, उसमें मूल्यांकन के नए आयाम को विकसित करने का प्रयास किया गया है। जिसे इस शोध पत्र में ध्यान में रखा गया है। जिसके तहत प्रमुख उद्देश्य के रूप में 2020 की शिक्षा नीति के संदर्भ में मूल्यांकन का अर्थ और महत्व, मूल्यांकन के सिद्धांत, मूल्यांकन की विधियों के प्रकार, मूल्यांकन विधियों में सुधार लाने के उपाय और मूल्यांकन को लागू करने के नवीन तरीके आकलन को रखा गया है तथा यहाँ द्वितीय आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शैक्षणिक प्रदर्शन, मूल्यांकन की विधियां, अधिगम की क्षमता, सिद्धांत, शिक्षक और छात्र

**परिचय:**

शिक्षा समाज में व्यक्ति की क्षमताओं को अभिव्यक्त करती है। इसी के मद्देनजर नई शिक्षा नीति 30 जुलाई 2020 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई। इसमें इस नीति के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के

* **पी-एच. डी. शोधार्थी, शिक्षा विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

† **प्रोफेसर, सी. आई. ई. टी., राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली- 110016**

उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा गया है -"यह शिक्षा नीति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना, वैश्विक मंच पर सामाजिक न्याय और समानता, वैज्ञानिक उन्नति , राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण में भारत की सतत प्रगति और सम्यक विकास की कुंजी है" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, पृ.2)।* विद्वानों का मानना है कि यह भारत की पहली ऐसी शिक्षा नीति है जिससे शिक्षा को विशेषीकृत तरीके से विकसित करने पर जोर दिया गया है। जिसमें मूल्यांकन के विविध तरीके पर बदलाव लाए गए हैं। यह नीति समग्र रूप से यह बतलाती है कि मूल्यांकन से शिक्षक यह निर्धारित करने में सक्षम होते हैं कि क्या वे अपने कर्तव्यों को उचित तरीके से निभा रहे हैं या उसमें सुधार लाने की आवश्यकता है। जिसके परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने की बात की गई है। इसीलिए इस शिक्षा नीति के अनुसार "2030 तक सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करने और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ाए जाने के लक्ष्य तक पहुँच पा रहे है" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, पृ.3)।* अगर देखा जाए तो यह समय के परिप्रेक्ष्य में भारत में भविष्य में दस वर्षों के शिक्षा मूल्यांकन की विधियां पहल की उपयुक्तता, प्रभावशीलता, समानता और दक्षता के संदर्भ में जानकारी का समग्र मूल्यांकन का प्रावधान करती है। यही कारण है कि आधुनिक मूल्यांकन विधियों को शिक्षा के सभी स्तरों पर शिक्षकों और प्रशिक्षकों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। इस प्रक्रिया में उनका प्राथमिक से लेकर उच्च संस्थानों का उद्देश्य यह पता लगाना होता है कि छात्रों ने कितना सीखा है, कैसे सीखा है, क्या सीखा है और उनमें क्या सुधार लाने की आवश्यकता है।

नए भारत के शिक्षकों का कर्तव्य के साथ उनका दायित्व नींव का निर्माण करना होता है कि वे मूल्यांकन विधियों के लिए रचनात्मक योजना का निर्माण करें। इससे शैक्षिक संसाधनों को गति के साथ नई दिशा प्राप्त होती है। इसी संदर्भ में शिक्षकों और प्रशिक्षकों को उन संसाधनों, दृष्टिकोणों और विधियों की अनेक योजना बनाने की आवश्यकता होती है जो मूल्यांकन विधियों को उचित तरीके से संचालित करने के लिए आवश्यक है। मूल्यांकन विधियों की रूपरेखा विभिन्न कारकों, यानी छात्रों के ग्रेड स्तर से मूल्यांकन, शैक्षणिक विषयों के साथ अवधारणाओं और शैक्षणिक लक्ष्यों तथा उद्देश्यों के अनुसार प्रणाली बनाई जाती है। जब उन्हें डिज़ाइन किया जाता है, तो उन्हें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है कि वे प्रशिक्षकों के लिए यह पता लगाने में सहायक हों कि क्या छात्रों ने अवधारणाओं को अच्छी तरह से समझ लिया है या उन्हें असफलताओं का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों और प्रशिक्षकों को छात्रों का मूल्यांकन करते समय निष्पक्ष होने की आवश्यकता होती है। यह निष्पक्षता विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान और प्रेम के प्रति विश्वास पैदा करती है। इस प्रेम और विश्वास की निर्मिति बनाए रखना प्राचीन शिक्षा नीति की मौलिक जिम्मेदारी थी। इसीलिए इस शिक्षा नीति में कहा गया है कि "प्राचीन और सनातन भारतीय ज्ञान और नवाचार की समृद्ध परंपरा के दृष्टि से यह शिक्षा नीति तैयार की गयी है। जिसमें ज्ञान, प्रज्ञा, अनुराग और सत्य की खोज को तार्किक भारतीय संस्कृति परंपरा और शिक्षा में सदा सर्वोच्च मानवीय लक्ष्य को प्राप्त करना माना जाता था। प्राचीन भारत में शिक्षा का लक्ष्य सांसारिक जीवन का मूल्य अथवा स्कूल के बाद के जीवन की तैयारी के रूप में धन अर्जन करना नहीं बल्कि पूर्ण आत्म-ज्ञान और मुक्ति के रूप में मार्ग माना गया था" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ.4)।* इस तरह

की शिक्षा नीति ही सभी तरह के भेदभाव से परे लोगों को जीवन जीने की दृष्टि देती है। शिक्षकों को भी यह तय करना होता है कि जाति, वर्ग, पंथ, नस्ल, धर्म, भारतीयता, व्यक्तित्व लक्षण, आयु, लिंग और अन्य सामाजिक कारकों के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें। आर्थिक पृष्ठभूमि, कक्षा असाइनमेंट, गृहकार्य, परीक्षण, परीक्षा प्रतियोगिताओं, सामाजिक कौशल के साथ अन्य गतिविधियों में छात्रों का प्रदर्शन ही उनके मूल्यांकन में महत्वपूर्ण होता है। जबकि, छात्रों के प्रभावी विकास और प्रगति और उनके शिक्षा की समग्र प्रणाली को समृद्ध करने के लिए, मूल्यांकन विधियों को निष्पक्ष और उचित तरीके से व्यवहार में लाने की आवश्यकता होती है। इसीलिए कहते हैं कि "मूल्यांकन प्रदर्शन सुधार और जवाबदेही ढांचे में उल्लिखित निरंतर सुधार के चक्र का एक हिस्सा बन चुकी है। कठोर मूल्यांकन पहल के कार्यान्वयन के दौरान निरंतर आधार पर फीडबैक प्रदान करता है" *(मूल्यांकन रणनीति, 2016)।*

**2020 के शिक्षा नीति से पूर्व के शैक्षिक मूल्यांकन नीति का इतिहास:**

**1- स्वतंत्रता से पूर्व शैक्षिक मूल्यांकन नीति:** स्वतंत्रता पूर्व समय में शैक्षिक मूल्यांकन की प्रणाली अत्यंत ही सरल रहती थी लेकिन यह उपयोगिता से ज्यादा आदर्शवादी थी। वैदिक काल में जब शिक्षा गुरुकुल प्रणाली के तहत दी जाती थी और बौद्ध काल में शिक्षा संघ व विहारों में दी जाती थी तो मूल्यांकन मौखिक रूप में, स्वर पाठ और अनौपचारिक अवलोकन के द्वारा किया जाता था, फिर बाद में मुगल काल में शिक्षा मकतबों और मदरसों में दी जाने लगी। तब भी शिक्षा का मूल्यांकन मौखिक रूप से, स्वर पाठ और अवलोकन के द्वारा किया जाता था, उसके बाद भारत में अंग्रेजी काल की शिक्षा का प्रारंभ हुआ। फलस्वरूप वुड्स डिस्पैच (1835) ने आधुनिक शिक्षा की प्रणाली की नींव भारत में डाली, जिसका मैट्रिक स्तर पर पहली परीक्षा (1857) हुई। फिर विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा प्रचलन में आया, जो सैडलर आयोग (1917-19) के तहत लागू हुआ। माध्यमिक और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा हार्टोग समिति (1929) के माध्यम से सार्वजनिक रूप से होने लगी जो सबके लिए शुरू की गई थी।

**2. स्वतंत्रता के बाद शैक्षिक मूल्यांकन नीति:** आजाद भारत की शिक्षा कहें तो 1947 में जब देश आजाद हुआ। उसके बाद देश में शैक्षिक पद्धति का मूल्यांकन करने के लिए शैक्षिक नीतियों का उल्लेख किया गया। जिसके तहत 1968 में परीक्षा सुधारों के कार्यक्रम का एक प्रमुख लक्ष्य परीक्षाओं की विश्वसनीयता और वैधता में सुधार करना रखा गया। जिसके तहत 'मूल्यांकन को एक सतत प्रक्रिया बनाने की बात कही गई, जिसका उद्देश्य किसी दिए गए प्रदर्शन की गुणवत्ता को 'प्रमाणित' करने के बजाय छात्र की उपलब्धि के स्तर को सुधारने में मदद करना था। ताकि वे अपने सामाजिक मूल्यों को समझते हुए संतुलन के साथ जीवन यापन कर सके। इसी को ध्यान में रखते हुए इस शिक्षा नीति में भी कहा गया है- "भारत के युवाओं को भारत के दृष्टि के बारे में और इसकी शाश्वत सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी आवश्यकताओं, भाषा और ज्ञान परंपराओं के बारे में ज्ञानवान बनाना राष्ट्रीय गौरव, आत्मविश्वास, आत्मज्ञान, परस्पर सहयोग और एकता एवं भारत के सतत ऊंचाइयों की ओर बढ़ने की दृष्टि से यह अति आवश्यक है" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ. 5)*। प्रथम शिक्षा

नीति 1968 के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 बनी। इस नीति में व्यक्तिपरकता के अधिकांश तत्वों को समाप्त करने का सुझाव के साथ ही स्मृतिपरकता पर जोर दिया गया था। ताकि विषय को याद करते हुए बोधगम्य बनाया जा सके। इसके लिए सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का सुझाव दिया गया था। जिससे मूल्यांकन ग्रेडिंग प्रणाली और माध्यमिक स्तर से सेमेस्टर प्रणाली को अभिन्न अंग बना दिया गया। इससे बच्चों में परीक्षा का बोझ कम हो गया जो किसी न किसी रूप में आज भी प्रचलित है।

**2020 के शिक्षा नीति में शैक्षिक मूल्यांकन की पद्धतियाँ:** भारतीय शिक्षा नीति (NEP) 2020, अधिगम के साथ-साथ विकास को समयानुकूल करने के लिए मूल्यांकन की पद्धति बदलने पर जोर देती है । "यह सीखने के सतत मूल्यांकन पर विश्वास करती है। शिक्षा के अंत में होने वाली परीक्षा के बजाय निरंतर एवं सतत मूल्यांकन की संस्कृति को अपनाती है" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पृ. 57)।* ताकि शिक्षा नियमित, रचनात्मक और योग्यता आधारित बने। छात्रों के अधिगम और विकास को बढ़ावा मिले सके। इसी परिप्रेक्ष्य में उच्च स्तरीय कौशल का परीक्षण विश्लेषण और आलोचनात्मक परीक्षण की भी बात की गई है। जिसके तहत अधिगम को अनुकूलित करने के लिए शिक्षण की प्रक्रियाओं को लगातार संशोधित करने में संपूर्ण एवं समग्र स्कूली शिक्षा प्रणाली की सहायता करना आवश्यक है। जिसके बारे में इस शिक्षा नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "हर बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं को स्वीकृति मिले, पहचान और उनके संतुलित विकास हेतु प्रयास करना तथा शिक्षकों और अभिभावकों को इन क्षमताओं के प्रति संवेदनशील बनाना जिससे वे उस बच्चे की अकादमिक और अन्य क्षमताओं में उसके सर्वांगीण विकास पर भी पूरा ध्यान दें" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ. 8)।* इसके लिए समग्र शिक्षा के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बोर्ड परीक्षाओं को फिर से डिज़ाइन किया जाएगा। खास करके 10वीं और 12वीं कक्षा को इसमें विशेष रूप से सम्मिलित किया जाएगा। इनके बोर्ड परीक्षा को और 'आसान' बनाए जाने का उपबंध के प्रारूप का भी प्रबंध करना है। इन परीक्षाओं में पाठ्य सामग्री को याद रखने के लिए हतोत्साहित किया गया और मुख्य क्षमताओं के परीक्षण पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की बात की गई है। जिसके तहत प्रश्न पत्र दो भागों में हो सकता है। पहला वस्तुनिष्ठ और दूसरा वर्णनात्मक होगा। कला और विज्ञान धाराओं के बीच कोई कठोर पृथक्करण नहीं किया जायेगा। पाठ्यक्रम का निर्माण करते समय एससीईआरटी/एनसीईआरटी, बीओएएस, एनएसी/परख के साथ परामर्श करना महत्वपूर्ण होगा।

**भारतीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मूल्यांकन हेतु प्रमुख निर्दिष्ट मानदंड:** भारतीय शिक्षा नीति के साथ-साथ मूल्यांकन हेतु अनेक आयाम विकसित किये गए हैं। इसमें दिशा निर्देश जारी किया गया है। इन निर्देशों का संबंध अनेक शैक्षिक मूल्यांकन से है। जिसका नवीन रूप निर्माणात्मक मूल्यांकन परख आदि हो सकता है।

**1- पूर्व-मूल्यांकन या नैदानिक मूल्यांकन:** इस मानदंड के तहत प्रशिक्षकों द्वारा मूल्यांकन विधियों को अभ्यास में लाने से पहले, उन्हें छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखना होगा। इस बात की शिक्षा नीति 2020 में भी तसदीक की गई है। कहा गया है कि "ईसीसीई पाठ्यक्रम और शिक्षक-शिक्षण की

जिम्मेदारी मानव संसाधन मंत्रालय की होगी। इसे प्राथमिक विद्यालयों के माध्यम से माध्यमिक विद्यालयों तक इसकी निरन्तरता सुनिश्चित की जा सके और शिक्षा के मूलभूत पहलुओं पर ध्यान रखा जा सके"*(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ.10)।* छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताएं इस बात पर निर्भर करती हैं कि वे क्या सीखने के इच्छुक हैं तथा क्या उन्हें अपने कार्यों और गतिविधियों को पूरा करने और परियोजनाओं और असाइनमेंट की तैयारी हेतु समर्थन और सहायता की आवश्यकता है? यदि ऐसा है तो उसका स्वरूप क्या है? प्रशिक्षकों को शक्तियों और कमजोरियों के संदर्भ में जागरूक होने की आवश्यकता भी है। इसलिए यह मानदंड शिक्षण और अधिगम के तरीकों और निर्देशात्मक रणनीतियों के कार्यान्वयन में कुछ ऐसे मार्ग सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थियों की ताकत मजबूत हो और कमजोरियां खत्म हो जाएं। इसके लिए शिक्षा नीति में भी कार्यक्रम बनाने की बात कही गई है । "पाठ्यक्रम की पाठ्यवस्तु को प्रत्येक विषय में कम करके इसे बेहद बुनियादी चीज़ों पर  केंद्रित किया जाएगा। जिससे कि समग्र अधिगम, खोज-आधारित, आचरण-आधारित और संश्लेषण आधारित अधिगम पर ज़रूरी ध्यान दिया जा सके। इसलिए यह अध्ययन वस्तु  अवधारणाओं, विचारों, अनुप्रयोगों और समस्या-समाधान पर केंद्रित होगा"।*(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ.18)* इसलिए, यह कह सकते हैं कि इस पूर्व-मूल्यांकन या नैदानिक  मूल्यांकन के तहत विधियों और अनुदेशात्मक रणनीतियों को इस तरह से तैयार करने की आवश्यकता है कि छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं, शक्तियों और कमजोरियों का विश्लेषण किया जा सके।

**2- रचनात्मक मूल्यांकन:** शिक्षा में छात्रों के अधिगम की निगरानी करने और प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए रचनात्मक मूल्यांकन को व्यवहार में लाया जाता है। इसका उपयोग निर्देश विकसित करने के पहले प्रयास में किया जाता है। जब छात्रों को पाठ योजनाओं और शैक्षणिक अवधारणाओं के संदर्भ में स्पष्टीकरण प्रदान किया जाता है तो शिक्षक और प्रशिक्षक प्रश्न पूछते हैं, असाइनमेंट देते हैं। साथ ही साथ उन्हें पाठ योजनाओं में विविध पत्रों को निभाने के लिए भी कहते हैं। इसके माध्यम से  शिक्षण रणनीतियों में अंतराल की पहचान की जाती है। इस रचनात्मक विधि के लिहाज से भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति अहम भूमिका निभा सकती है। इसने पाठ्यक्रम में भी काफी सुधार करने हेतु दृष्टि प्रदान की है। "पाठ्यक्रम में बुनियादी साक्षरता और संख्या-ज्ञान पर आधारित ध्यान दिया जाएगा और पूरे प्रारम्भिक और माध्यमिक पाठ्यक्रम के दौरान, एक मजबूत, सतत, रचनात्मक और अनुकूल मूल्यांकन के साथ सारगर्भित विषय के रूप में प्रत्येक बच्चों का सीखना अनिवार्य रहेगा। सामान्यतया पढ़ने, लिखने, गणितीय चिंतन के साथ अंकगणितीय चिंतन पर ध्यान केंद्रित रहेगा।"*(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ.1012)* यह अच्छे प्रदर्शन को बढ़ावा देगा। जब छात्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं, तो इससे पता चलता है कि निर्देशात्मक रणनीतियों को सुव्यवस्थित तरीके से क्रियान्वित किया गया है। दूसरी ओर, जब छात्रों को असफलताओं का अनुभव होता है, तो यह इंगित करता है कि अनुसंधान करने और शिक्षण-सीखने के तरीकों, निर्देशात्मक रणनीतियों और शिक्षण-अधिगम की सामग्री में सुधार लाने की आवश्यकता है। इसलिए, यह अच्छी तरह से समझा जाता है कि रचनात्मक मूल्यांकन एक प्रकार का ऐसा

मूल्यांकन है, जो शिक्षण-अधिगम के तरीकों, निर्देशात्मक रणनीतियों और शिक्षण-सीखने की सामग्री के उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान देगा। जिसका प्रयोग शिक्षा नीति 2020 के तहत संभव बनाया जायेगा।

**3- योगात्मक मूल्यांकन**: यह मूल्यांकन का स्वरूप भी भारतीय शिक्षा नीति 2020 के तहत योग्य माना जाता है। योगात्मक मूल्यांकन, मूल्यांकन का ऐसा प्रकार है, जहां प्रशिक्षक यह दृष्टिकोण बनाते हैं कि निर्देश के अंत में सबसे महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। सीखने की प्रभावशीलता, निर्देश पर प्रतिक्रिया और वे छात्रों के लिए कैसे फायदेमंद साबित हुए हैं, साथ ही शिक्षा की समग्र प्रणाली को भी ध्यान में रखा जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक और शिक्षार्थी के संबंधों को भी रेखांकित किया गया है। शिक्षा नीति में कहा गया है कि "अधिगम का प्राथमिक उद्देश्य वास्तव में सीखने के लिए होगा। यह शिक्षक और शिक्षार्थी और पूरी स्कूलीय शिक्षा प्रक्रिया में मदद करेगा, सभी शिक्षार्थियों के लिए सीखने और विकास को अनुकूलित करने के लिए, शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को संशोधित करने में मदद करेगा। यह शिक्षा के सभी स्तरों पर मूल्यांकन के लिए आधारभूत  सिद्धांत होगा।"*(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ.26)* इस क्रम में जब छात्र पाठ-योजनाओं और शैक्षणिक अवधारणाओं को अच्छी तरह से समझने और असाइनमेंट, परियोजनाओं, गतिविधियों और परीक्षणों में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं, तो वे न केवल व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे होते हैं, बल्कि समग्र रूप से समृद्धि पाने में भी कुशलतापूर्वक योगदान देते हैं। शिक्षा-व्यवस्था, इसलिए योगात्मक मूल्यांकन प्रशिक्षकों को यह देखने में सक्षम बनाने में उपयोगी है कि छात्र पेशेवर और व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपने ज्ञान, कौशल और क्षमताओं का उपयोग कैसे कर रहे हैं।

**4- संदर्भित-मानक मूल्यांकन:** शिक्षा नीति 2020 के तहत संदर्भित मूल्यांकन के मामले में, प्रशिक्षक पूरे स्कूल के औसत ग्रेड के मुकाबले छात्रों के ग्रेड की तुलना करते हैं। इस प्रकार के मूल्यांकन के माध्यम से, प्रशिक्षक विभिन्न पहलुओं के संदर्भ में जानकारी उत्पन्न करने में सक्षम होते हैं अर्थात, छात्रों की सीखने की क्षमताओं को स्वीकार किया जाता है, प्रशिक्षक यह पता लगाने में सक्षम होते हैं कि क्या शिक्षण-अधिगम के तरीके, निर्देशात्मक रणनीतियाँ और शिक्षण-अधिगम की सामग्री उपलब्ध है। इस निर्देशात्मक नीति का एक आधार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी छुपा हुआ है।  "यह नीति इस बात की पुनः पुष्टि करती है कि सभी स्कूलों में शिक्षा की पहुँच, सहभागिता और अधिगम परंपराओं में सामंजस्य तथा श्रेणी के विविधता को दूर करना सभी शिक्षा क्षेत्रों के कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य होगा" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पृ.38)।* इन उद्देश्यों के साथ- साथ इस बात पर भी ध्यान दिया जाता है कि क्या इन सभी का प्रयोग सार्थक है? इसके अलावा, इस तथ्य पर भी जोर दिया जाता है कि क्या छात्रों की प्रभावी वृद्धि और प्रगति हो रही है और शिक्षा की समग्र प्रणाली में संवर्धन लाया जा रहा है? जब परिणाम सकारात्मक होते हैं, तो तरीकों और रणनीतियों को सकारात्मक माना जाता है। दूसरी ओर, जब परिणाम नकारात्मक हों तो सुधार करने की जरूरत होती है। इसलिए, संदर्भित-मानक मूल्यांकन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों का शैक्षणिक प्रदर्शन अच्छा और कक्षा मानकों के अनुरूप हो।

**मूल्यांकन पद्धतियों में सुधार लाने के उपाय:** भारतीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मूल्यांकन की नीति में सुधार करने की बात की गई है। यह शिक्षा नीति मानती है कि जिस तरह से भारत की स्थिति बदल रही है, उस तरह से शिक्षा के भी नए-नए आयाम विकसित हो रहे हैं। इसी के परिप्रेक्ष्य में शैक्षिक मूल्यांकन की पद्धतियों को भी बदलने की आवश्यकता है। उसके बदलाव के लिए शिक्षा नीति ने अनेक निर्देशों को प्रदान किया है। जिसे सुधार के रूप में उपाय माना जाता है। यह उपाय कई रूप में देखें जा सकते हैं।

**1- उपयुक्त विवरणों के प्रारूपों का चयन करना:** मूल्यांकन विधियों के कार्यान्वयन में, प्रशिक्षकों को उचित विवरणों के प्रारूपों के संदर्भ में अच्छी तरह से जागरूक होने की आवश्यकता है। जिसके तहत विभिन्न कारकों को ध्यान में रखना होगा, जैसे लेखक का नाम, रिपोर्ट तैयार करने की तारीख, परिचय, निकाय, निष्कर्ष और सिफारिशें और मुख्य बिंदुओं का सारांश। इसे रिपोर्ट और परियोजनाओं की तैयारी में एक उपयुक्त प्रक्रिया माना जाता है और यह उपयुक्त तरीके से मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाता है। इससे प्राथमिक और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को बल मिलता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कहा गया है कि "भारत के हर कोने में उच्चतर गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने की दृष्टि से भावनात्मक, वैशेषिक शिक्षा, खास क्षेत्रों और वंचित क्षेत्रों में भी जवाहर नवोदय विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। कम से कम एक वर्ष की प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को समाहित करते हुए केंद्रीय विद्यालयों में व अन्य प्राथमिक विद्यालयों में प्री-स्कूलिंग को जोड़ा जाए *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ.41)।* इसका मूल्यांकन भी आवश्यक है। इसलिए, जब छात्रों को उनके प्रशिक्षकों द्वारा उचित रिपोर्टिंग प्रारूप तैयार करने के संदर्भ में सूचित किया जाता है, तो मूल्यांकन विधियों को सुव्यवस्थित और संतोषजनक तरीके से व्यवहार में लाया जाएगा। इसलिए, यह अच्छी तरह से समझा जाता है कि उपयुक्त विवरण प्रारूपों का चयन मूल्यांकन विधियों में सुधार लाने के महत्वपूर्ण उपायों में से एक माना जाता है।

**2- बाधाओं को पहचानें और कम करें:** बाधाओं को व्यक्तियों के पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन का एक अभिन्न अंग माना जाता है। शिक्षण-अधिगम विधियों, मूल्यांकन विधियों और शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति के कार्यान्वयन के दौरान, बाधाएँ उत्पन्न होती हैं। बाधाओं को पहचानने और उन्हें दूर करने या कम करने के लिए उपाय और दृष्टिकोण लागू करने की आवश्यकता है। यह विशिष्ट बालकों के लिए महत्वपूर्ण होती है। "अधिकांश कक्षाओं में ऐसे बच्चे होते हैं जिनमें सीखने की दृष्टि से कुछ विशिष्ट क्षमता होती है। इन्हें हर समय मदद की आवश्यकता होती है। निःसंकोच ऐसे मामलों में जितनी जल्दी मदद शुरू की जाती है आगे प्रगति की संभावना उतनी ही बेहतर नज़र आती है। शिक्षकों को सीखने से संबंधित इस प्रकार की अक्षमताओं की पहचान करने और उनके शिक्षा के लिए योजना बनाने में हर संभव रूप से मदद शामिल होनी चाहिए" *(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पृ.42)।* विशिष्ट बालकों में कुछ मानसिक रूप से कमजोर बच्चे भी आते हैं। उनकी समस्या को बड़ा रूप धारण करने से रोका जाए। सभी स्तरों पर शैक्षणिक संस्थानों के भीतर, जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ बाधाओं को दूर करने के लिए उचित उपायों और प्रथाओं को व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। इसलिए, कोई यह अच्छी तरह से समझने में सक्षम है कि जब प्रशिक्षक और पर्यवेक्षक मुख्य रूप से मूल्यांकन

विधियों के मामले में बाधाओं को पहचानने और कम करने के उपायों और दृष्टिकोणों के बारे में अच्छी तरह से जागरूक होंगे, तो वे उनमें सुधार लाने में सक्षम होंगे। .

**3- समय प्रबंधन कौशल लागू करें:** समय प्रबंधन कौशल वे कौशल हैं, जो व्यक्तियों को अपने समय का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं। दूसरे शब्दों में, वे सभी कार्यों और गतिविधियों के लिए समय निकालने में सक्षम हैं। जब इन कौशलों को प्रभावी तरीके से व्यवहार में लाया जाता है, तो प्रशिक्षक पाठ योजनाओं को पूरा करने, कक्षा असाइनमेंट, होमवर्क असाइनमेंट देने, छात्रों को गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने और आवश्यक समय के भीतर परीक्षण आयोजित करने में सक्षम होते हैं। उन्हें पूर्वाग्रहों से मुक्त किया जाता है। यह विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी रखा गया है। यथा- "स्कूलों के पाठ्यक्रम में सभी पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता को हटा दिया जाएगा और ऐसी सामग्री को अध्ययन में शामिल किया जाएगा जो सभी समुदायों के लिए प्रासंगिक और संबंधित हो"*(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पृ.7)।* जिसके द्वारा छात्र अपने असाइनमेंट, प्रोजेक्ट, कार्यों और गतिविधियों को समय पर पूरा करने के लिए अपनी दक्षताओं और क्षमताओं का विकास करते हैं। इन कौशलों के माध्यम से, व्यक्ति सभी कार्यों और गतिविधियों के लिए समय निकालने में सक्षम होंगे, चाहे उनके पास कितनी भी नौकरी की जिम्मेदारियाँ क्यों न हों। इसलिए, यह कहा जा सकता है कि मूल्यांकन विधियों में सुधार लाने के लिए समय-प्रबंधन कौशल को लागू करना एक महत्वपूर्ण उपाय है।

**निष्कर्ष:** भारतीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) में मूल्यांकन को एक महत्वपूर्ण शैक्षिक परिवर्तन, सुधार एवं विशेषीकरण के रूप में देखा गया है। इस नीति के अंतर्गत यह संदर्भित किया गया है कि शैक्षिक शिक्षण विधियों का स्तर और मूल्यांकन सारगर्भित और सृजनात्मक पक्ष है। जो महत्वपूर्ण सोच, समग्र विकास और योग्यता-आधारित शिक्षा पर जोर देता है। जिसके तहत एन.ई.पी. 2020, एक ऐसी शैक्षिक प्रणाली विकसित करना चाहता है जो परीक्षणों और मूल्यांकन की प्रकृति को बदलकर अधिक समावेशी और शिक्षार्थी-केंद्रित मानदंड का अनुसरण करना चाहती है। जिससे रटकर सीखने से हटकर समझकर सीखने और करके सीखने पर ध्यान केंद्रित करती है। जो एक व्यापक मूल्यांकन ढांचे को अपनाकर, शिक्षक और छात्रों को उनके विषयों का गहरा ज्ञान प्राप्त कराए। ताकि रचनात्मकता को प्रेरित करने और महत्वपूर्ण जीवन कौशल बनाने में मदद मिल सके। एनईपी 2020, में नए मूल्यांकन पैटर्न की तैयारी, शिक्षकों, पेपर सेटर्स और निर्देशकों की क्षमता निर्माण, विद्यालय आधारित मूल्यांकन के लिए रिपोर्ट कार्ड को फिर से डिजाइन करना, आईटी आधारित ट्रैकिंग सिस्टम का विकास, संकलनात्मक मूल्यांकन से निर्माणात्मक मूल्यांकन की ओर अग्रसर होने की प्रक्रिया का समावेश द्वारा परीक्षा के बोझ को कम करने की योजना शामिल है।

नए भारत की नींव के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देखा जा रहा है जिसमें स्वच्छ, स्वस्थ, सशक्त, समृद्ध और श्रेष्ठ भारत का भविष्य होगा जिसका निर्माण ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार, संस्कार तथा मूल्य आदि के आकलन से किया जा सकता है। मूल्यांकन नई शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आयाम है।

## References

Building Better Evidence. (2016). Evaluation strategy. Department of Education and Training. Retrieved October 13, 2020, from https://qed.qld.gov.au

How to evaluate the programme. (n.d.). World Health Organization. Retrieved October 13, 2020, from https://who.int

Ministry of Education, Government of India. (2020). National Education Policy, 2020: Assessment reforms background paper for teacher's fest. Retrieved from https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_Final_English_0.pdf

Specify the key evaluation questions. (n.d.). Retrieved October 13, 2020, from https://betterevaluation.org

What are the types of assessment? (2020). Retrieved October 13, 2020, from https://onlineassessmenttool.com

Ministry of Education, Government of India. (n.d.). Examination and assessment reforms. Retrieved from https://www.education.gov.in/shikshakparv/docs/Examination_and_Assessment_Reforms.pdf

Udaya Public School. (n.d.). NEP assessment and examination reforms. Retrieved from https://udayapublicschool.edu.in/wp-content/uploads/2021/01/NEPASSESSMENTEXAMINATION-REFORMS.pdf

Ministry of Education, Government of India. (n.d.). Repertoire of assessment reforms. Retrieved from https://www.education.gov.in/shikshakparv/docs/Repertoire_Assessment_Reforms.pdf

IITMS. (n.d.). How NEP 2020 changes the nature of exams. Retrieved from https://www.iitms.co.in/blog/how-nep-2020-changes-the-nature-of-exams.html

Hema Kumar, G., & Joshi, V. (2021). A review on examination reforms in new education policy. Retrieved from https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_final_HINDI_0.pdf

Wikipedia. (n.d.). National education policy 2020. Retrieved from https://s3-ap-southeast-1.amazonaws.com/ijmer/pdf/volume10/volume10-issue2(5)/33.pdf

Ministry of Education, Government of India. (2020). राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020. Retrieved from https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_final_HINDI_0.pdf

# NOTES FOR AUTHORS

## SHODH KHANIJ: *Multidisciplinary Peer Reviewed Journal*

**1. Submissions**

Authors should send all submissions and resubmissions to shodhkhanij@gmail.com or gandhikhadi@gmail.com some articles are dealt with by the editor immediately, but most are read by outside referees. For submissions that are sent to referees, we try to complete the evaluation process within one month. As a general rule, Shodh Khanij operates a double-blind peer review process in which the reviewer's name is withheld from the author and the author's name is withheld from the reviewer. Reviewers may at their own discretion opt to reveal their name to the author in their review, but our standard policy is for both identities to remain concealed.

Absolute technical requirements in the first round are: ample line spacing throughout (1.15), an abstract, adequate documentation using the author-date citation system and an alphabetical reference list and a word count on the front page (include all elements in the word count). Regular articles are restricted to an absolute maximum of 8,000 words, including all elements (title page, abstract, notes, references, tables, biographical statement, etc.).

**2. Types of articles**

In addition to Regular Articles, Shodh Khanij publishes the Viewpoint column with research-based policy articles, Review Essays, Book Review and Special Data Features.

**3. The manuscript**

The final version of the manuscript should contain, in this order:

(a) title page with name(s) of the author(s), affiliation

(b) Abstract

(c) Main text

(d) List of references

(e) Biographical statement(s)

(f) Tables and figures in separate documents

(g) Notes (either footnotes or endnotes are acceptable)

Authors must check the final version of their manuscripts against these notes before sending it to us.

The text should be left justified, with an ample left margin. Avoid hyphenation. Throughout the manuscripts, set line spacing to 1.15.

The final manuscript should be submitted in Kokila Hindi Unicode Font MS Word for Windows.

**4. Language**

Shodh Khanij is a Bilingual Journal, i.e. English and हिंदी (Kokila Hindi Unicode Font Size 16). The main objective of an academic journal is to communicate clearly with an international audience.

Elegance in style is a secondary aim: the basic criterion should be clarity of expression. We allow UK as well as US spelling, as long as there is consistency within the article. You are welcome to indicate on the front page whether you prefer UK or US spelling.

**5. The abstract**

The abstract should be in the range of 200-300 words. For very short articles, a shorter abstract may suffice. The abstract is an important part of the article. It should summarize the actual content of the article; rather than merely relate what subject the article deals with. It is more important to state an interesting finding than to detail the kind of data used: instead of 'the hypothesis was tested', the outcome of the test should be stated. Abstracts should be written in the present tense and in the third person (This article deals with...) or passive (... is discussed and rejected). Please consider carefully what terms to include in order increasing the visibility of the abstract in electronic searches.

**6. Title and headings**

The main title of the article should appear at the top of pg. 1, followed by the author's name an institutional affiliation. The title should be short, but informative. All sections of the article (including the introduction) should have principal subheads. The sections are not numbered. This makes it all the more important to distinguish between levels of subheads in the manuscripts – preferably by typographical means.

**7. Notes**

Notes should be used only where substantive information is conveyed to the reader. Mere literature references should normally not necessitate separate notes; see the section on references below. Notes are numbered with Arabic numerals. Authors should insert notes by using the footnote/endnote function in MS Word.

**8. Tables**

Each Table should be self-explanatory as far as possible. The heading should be fairly brief, but additional explanatory material may be added in notes which will appear immediately below the Table. Such notes should be clearly set off from the rest of the text. The table should be numbered with a Roman numeral and printed on a separate page.

**9. Figures**

The same comments apply, except that Figures are numbered with Arabic numerals. Figure headings are also placed below the Figure. Example: Figure 1.

**10. References**

References should be in a separate alphabetical list; they should not be incorporated in the notes. Use the APA form of reference.

**11. Biographical statement**

The bio sketch in Shodh Khanij appears immediately after the references. It should be brief and include year of birth, highest academic degree, year achieved, where obtained, position and current institutional affiliation. In addition, authors may indicate their present main research interest or recent (co-)authored or edited books as well as other institutional affiliations which have occupied a major portion of their professional lives. But we are not asking for a complete CV.

**12. Proofs and reprints**

Author's proofs will be e-mailed directly from the publishers, in pdf format. If the article is co-authored, the proof will normally be sent to the author who submitted the manuscripts. (Corresponding author). If the e-mail address of the corresponding author is likely to change within the next 6–9 months, it is in the author's own interest (as well as ours) to inform us: editor's queries, proofs and pdf reprints will be sent to this e-mail address. All authors (corresponding authors and their co-authors) will receive one PDF copy of their article by email.

**13. Copyright**

The responsibility for not violating copyright in the quotations of a published article rests with the author(s). It is not necessary to obtain permission for a brief quote from an academic article or book. However, with a long quote or a Figure or a Table, written permission must be obtained. The author must consult the original source to find out whether the copyright is held by the author, the journal or the publisher, and contact the appropriate person or institution. In the event that reprinting requires a fee, we must have written confirmation that the author is prepared to cover the expense. With literary quotations, conditions are much stricter. Even a single verse from a poem may require permission.